


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 28, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 15 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

हमारा भारत देश, हमारी संस्कृति, हमारी भाषा और हम भारतीय सर्वोत्तम हैं : ठाकुर दलीप सिंह जी .... पेज 03

जौनपुर में सिटी मजिस्ट्रेट के विरोध में बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने भरी हुंकार .... पेज 05

ऑस्ट्रेलिया के सामने 24 साल बाद मेजबान विश्व विजेता बनने का मौका, स्वीडन को अनुभव का .... पेज 07

## हर मोर्चे पर तेजी से दौड़ रहा है देश : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ रहा है और मुश्किल समय में जहां अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरे देशों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है।

मुर्मु ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और कहा,स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं भारत के नागरिकों के साथ एकजुट हो कर सभी ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनके असंख्य बलिदानों से, भारत ने विश्व समुदाय में अपना स्वाभिमान-पूर्ण स्थान फिर से प्राप्त किया। स्वतंत्रता संग्राम में नारी शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मातंगिनी हाजरा और कनकलता बरुआ जैसी वीरांगनाओं ने भारत माता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये। माँ कस्तूरबा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर सत्याग्रह के मार्ग पर चलती रहीं।



सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आसफ़-अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म-विश्वास के साथ, देश तथा समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं।

महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मुर्मु ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने तथा विकसित राष्ट्र बनने के लिए देश हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ रहा है और दूसरे देशों के लिए भी उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा,हमारा देश सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं।

उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के कारण हुए आर्थिक संकट से विश्व-समुदाय पूरी तरह बाहर नहीं आ पाया था कि अंतर-राष्ट्रीय पटल पर हो रही घटनाओं से अनिश्चितता का वातावरण और गंभीर हो गया है। इसके बावजूद हमारी सरकार ने कठिन परिस्थितियों का अच्छी तरह सामना किया है और चुनौतियों को अवसरों में बदला है। सकल घरेलू उत्पाद में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि किसानों ने आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और राष्ट्र उनका ऋणी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति चिंता का कारण बनी हुई है, लेकिन सरकार और रिजर्व बैंक इस पर काबू पाने में सफल रहे हैं। सरकार ने जन-सामान्य पर मुद्रास्फीति का अधिक प्रभाव नहीं पड़ने दिया है और साथ ही गरीबों को व्यापक सुरक्षा कवच भी प्रदान किया है।









स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली के भीकाजी कामा प्लेस में आरडब्ल्यूए भीकाजी द्वारा एसएचओ आरके पुरम रविंद्र कुमार त्यागी जी को सम्मानित किया गया व ध्वजारोहण किया गया इस मौके पर जिला जज जयपुर केशव कौशिक, श्री जोगेंद्र पवार, श्री विनोद तिवारी, श्री खुम्मन जी व अमरीष त्यागी प्रेसिडेंट एस डी सी वन मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर 954 पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक

### सर्वाधिक 55 पुरस्कार जम्मू कश्मीर पुलिस के खाते में



नई दिल्ली। सरकार ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को विभिन्न केंद्रीय और राज्य बलों के 954 पुलिस कर्मियों को सेवा पदक देने की घोषणा की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार 230 कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसमें वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएमजी) भी शामिल है।

### वीरता के लिए दिए जाएंगे पुलिस पदक

पीपीएमजी का इकलौता पदक सीआरपीएफ के अधिकारी लौखरकपम इबोम्चा सिंह को दिया जाएगा। सेवा में रहते हुए यह उनका दूसरा वीरता पदक है। अन्य पदकों में विशिष्ट सेवा के लिए दिए जाने वाले 82 राष्ट्रपति पुलिस पदक और उल्लेखनीय सेवा के लिए दिए जाने वाले 642 पुलिस पदक शामिल हैं। वीरता के लिए सबसे अधिक 55 पुलिस पदक की घोषणा जम्मू कश्मीर पुलिस के लिए की गई है।

इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस को 33, सीआरपीएफ को 27 और छत्तीसगढ़ पुलिस को 24 पदक दिए जाएंगे।

ये पदक साल में दो बार स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाते हैं। वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) या नक्सली हिंसा प्रभावित राज्यों में तैनात कर्मियों के लिए सर्वाधिक 125 वीरता पदक घोषित किए गए हैं। इसके अलावा जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में तैनात कर्मियों के लिए 71 वीरता पदक घोषित किए गए हैं।

### कर्तव्य के प्रति बेहद समर्पित सेवा

वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएमजी) और वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) जीवन और संपत्ति को बचाने, अपराध को रोकने या अपराधियों को गिरफ्तार करने में विशिष्ट वीरता के प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया जाता है।

विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम) पुलिस सेवा में उत्कृष्ट रिकार्ड के लिए प्रदान किया जाता है। सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएम) कर्तव्य के प्रति बेहद समर्पित सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

### सीबीआइ के 20 अधिकारियों-कर्मियों को विशिष्ट सेवा पुरस्कार

20 सीबीआई अधिकारियों-कर्मियों को पुलिस पदक सीबीआइ के 20 अधिकारियों-कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। छह अधिकारियों संयुक्त निदेशक नवल बजाज, एसपी वीरेंद्र मोहन मित्तल, एएसपी महर्षि रे हाजोंग, डीएसपी नीलांबुर नारायणन श्रीकृष्णन और एसआइ गीता पाल और राजेश्वर सिंह राणा को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा जाएगा। चौदह सीबीआइ अधिकारी एएसपी नवाराजू वेल्लादुरई, राजबीर सिंह, डीएसपी मीनू कटारिया, अजय कुमार मिश्रा, टी संतोष कुमार और अनिल बिष्ट, एएसआइ राकेश कुमार शर्मा, किशोर कुमार और किशन चंद, हेड कांस्टेबल महादेव मिस्त्री और हरदेव सिंह, कांस्टेबल चंद्र शेखर जोशी, वरिष्ठ लोक अभियोजक सुरेश कुमार और स्टेनोग्राफर नारायणन मीनाक्षी को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक मिलेगा।

## असम और मेघालय में भूकंप से कांपी धरती, 5.4 रही तीव्रता

एजेंसी

गुवाहाटी। भारत-बांग्लादेश सीमा पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए है। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। बता दें कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 रही है।

### मेघालय के चेरापूंजी से 48 किमी दूर था भूकंप का केंद्र

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र मेघालय के चेरापूंजी से 48 किमी दूर 16 किमी की गहराई पर था। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि असम और मेघालय में सोमवार को रिक्टर पैमाने पर 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। इसके अलावा भूकंप के झटके मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। साथ ही बांग्लादेश, म्यांमार और भूटान के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए हैं। फिलहाल, किसी संपत्ति के नुकसान या मानव जीवन के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### भूकंप के झटकों से हिला भारत-बांग्लादेश बॉर्डर

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि सोमवार को बांग्लादेश की सीमा के पास भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का अनुमान 10 किमी (6.2 मील) की गहराई पर था।












## शार्ट न्यूज

### भाजपा ने केरल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में विधानसभा के उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किये

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केरल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को अपने प्रत्याशी घोषित किये। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की घोसी सीट से दारा सिंह चौहान, उत्तराखंड की बागेश्वर सीट से पार्वती दास और केरल की पुथुप्पतली से जी लिजिनलाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। आगामी पांच सितम्बर को जिन सीटों पर उपचुनाव कराये जायेंगे, उनमें उत्तर प्रदेश की घोसी, उत्तराखंड की बागेश्वर-(सु.), झारखंड की डुमरी, प.बंगाल की धूपगुड़ी, केरल की पुथुपल्ली और त्रिपुरा की बॉक्स नगर एवं धनपुर सीट शामिल है। चुनाव आयोग के मुताबिक उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि 17 अगस्त है तथा 21 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पांच सितंबर को मतदान कराये जायेंगे और आठ सितंबर को मतगणना होगी।

### मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की तस्वीर वाले फर्जी सोशल मीडिया पोस्ट पर कानूनी कार्रवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की तस्वीर के साथ गलत इरादे और शर्तपूर्ण तरीके से उनके द्वारा जनता को 'तानाशाही' सरकार के खिलाफ एकजुट होकर सड़कों पर उतरने की लोगों से की गई अपील वाले फर्जी सोशल मीडिया पोस्ट मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शीर्ष अदालत के जनसंपर्क कार्यालय ने सोमवार के मामला सामने आने के बाद एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि यह सोशल मीडिया पोस्ट फर्जी है। यह गलत इरादे और शरारतपूर्ण कार्य है। बयान में कहा गया है यह पोस्ट न तो मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ द्वारा और न ही उनके द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा जारी की गई थी। बयान में यह भी कहा गया है कि सोमवार को सोशल मीडिया और मैसेंजर ऐप्स पर प्रसारित एक फर्जी खबर का पता चला, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ को उद्धृत किया गया है। जनसंपर्क कार्यालय ने कहा है कि संबंधित विभागों की ओर से इस मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है।

### 954 पुलिसकर्मी पुलिस पदकों से सम्मानित

**नयी दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 954 पुलिसकर्मियों को पुलिस पदकों से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक कमांडेंट एल इबोमचा सिंह को वीरता के लिए राष्ट्रपति के पदक से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा 229 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक, 82 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक और 642 पुलिसकर्मियों को उल्लेखनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। वीरता के लिए दिए जाने वाले 230 पदकों में से 125 पदक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों को तथा 71 जम्मू-कश्मीर में और 11 पूर्वोत्तर में तैनात पुलिसकर्मियों को दिए जाएंगे। वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किए जाने वाले पुलिस कर्मियों में 28 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, 33 महाराष्ट्र पुलिस, 55 जम्मू कश्मीर पुलिस, 24 छत्तीसगढ़ पुलिस, 22 तेलंगाना पुलिस और 18 आंध्र प्रदेश पुलिस तथा अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।

### नहरी पानी के लिए भाजपा और कांग्रेस के विधायकों के पुतले फूंके

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर में गंग कैनाल में पूरा पानी दिए जाने की मांग को लेकर सोमवार को भी किसान आंदोलनरत रहे। ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) ने जहां जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष आज भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा, वही किसान संघर्ष समिति व अन्य किसान संगठनों ने ग्राम साधुवाली के समीप गंग नहर के लिंक चौनल पुल पर रोष प्रदर्शन किया। यहां पर किसानों ने श्री गंगानगर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र से भाजपा तथा कांग्रेस के विधायकों के पुतले जलाते हुए आरोप लगाया कि इनकी अनदेखी के कारण ही पूरा पानी नहीं मिल रहा। श्रीगंगानगर-अबोहर पंजाब मार्ग पर गांव साधुवाली में लिंक चौनल नहर पुल पर किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष अमरसिंह बिश्नोई,गंग कैनाल प्रोजेक्ट के पूर्व चेयरमैन गुरबलपालसिंह संधू, दिलबागसिंह संधू, अमतेंद्रसिंह क्रांति, मनजीतसिंह, मनोहरलाल बिश्नोई,सुखबीरसिंह फौजी,सुखचरणसिंह प्रधान, सरपंच सुंदरसिंह,राधेश्याम बिश्नोई, जीतसिंह संधू,मनोहरलाल शाक्य, मुकेश कुमार सीगड़, जसकरणसिंह,मक्खन महावर तथा नरसीराम भादू आदि काफी संख्या में किसान इकट्ठे हुए।

### एमडीएस विश्वविद्यालय पर छात्रसंघ चुनावों को लेकर किया प्रदर्शन

अजमेर। राजस्थान में अजमेर में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय पर आज छात्र संघ चुनावों को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया गया। अजमेर सिविल लाइंस थाना क्षेत्रान्तर्गत विश्वविद्यालय के बाहर छात्र संगठन लामबंद हो गये। राष्ट्रीय छात्र संगठन (एन.एस.यू.आई.) तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग पर एक नजर आये। सभी ने विश्वविद्यालय में घुसकर कुलपति को ज्ञापन देने की कौशिश की, लेकिन पुलिस ने छात्रों की भीड़ को विश्वविद्यालय में घुसने नहीं दिया, जिसके चलते छात्रनेताओं तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई और पुलिस ने छात्रों को पकड़कर खदेड़ने का काम किया। बाद में छात्रों के शिष्टमंडल की ओर से कुलपति प्रोफेसर अनिल शुक्ला को ज्ञापन देकर छात्र संघ चुनाव की मांग की गई। साथ ही कुलपति पर इस बात के लिए दबाव बनाया गया कि वे सरकार को विश्वविद्यालय की ओर से ..अनापत्ति पत्र.. लिखे ताकि छात्रसंघ चुनाव कराये जाने का रास्ता खुल सके। कमोबेश सभी छात्रनेताओं ने छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने के सरकारी फैसले का विरोध किया।

### राजस्थान अपराध के मामले में देश में दस नम्बर पर

जयपुर। राजस्थान अपराध के मामले में देश में दस नम्बर पर हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने सोमवार को यहां पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता में एक सवाल के जवाब में बताया कि राज्य में झूठे मामलों को शामिल नहीं करने पर राजस्थान देश में अपराध के मामले में दस नम्बर पर है जबकि उत्तर प्रदेश इस मामले में नम्बर वन और मध्यप्रदेश चौथे नम्बर पर हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दुष्कर्म के मामलों में 45 प्रतिशत एफआर हो रही है जबकि पड़ौसी राज्यों में यह प्रतिशत ढाई से 12 प्रतिशत हैं। उन्होंने झूठे मामलों में कहा कि ऐसे कई मामले सामने आते हैं जिनके सही नहीं पाये जाने एवं चालान योग्य साक्ष्य नहीं होने पर एफआर लगानी पड़ती है। उन्होंने एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मामलों का पंजीयन बढ़ना और अपराध बढ़ना दोनों अलग अलग है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फ्री रजिस्ट्रेशन नीति के तहत पुलिस को खुली छूट दे रखी हैं कि पुलिस को इस मामले में कतई डरने की जरुरत नहीं हैं कि मामलों का पंजीयन बढ़ रहा है।

### भारी मात्रा में नेपाली शराब की जब्त

सुपौल। भारत- नेपाल सीमा से लगे बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल (एस एस बी) ने भारी मात्रा में नेपाली शराब जब्त किया है। बल के 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) ने बताया कि सूचना मिली थी कि धरहरा गांव के पास के क्षेत्र से कोशी नदी के रास्ते मादक पदार्थ की बड़ी खेप नेपाल से भारत लायी जाने वाली है। सूचना की पुष्टि करने के उपरांत तस्करों को पकड़ने के लिए एक विशिष्ट नाका दल का गठन किया गया। निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह, निरीक्षक तेनजिंग, मुख्य आरक्षी हरिदास सिंह तथा अन्य पांच का विशेष नाका दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ। शर्मा ने बताया कि नाका दल नदी पार कर धरहरा गाँव की तरफ बढ़ ही रहा था कि उसे रेत के मैदान में कुछ व्यक्तियों कि हरकत दिखाई दी। टीम को अपनी तरफ आता देख सभी अज्ञात लोग अपना सामान छोडकर नेपाल की तरफ भाग गए, तत्पश्चात नाका दल ने उस स्थान के चारों तरफ घेरा बनते हुए उस स्थान की तलाशी एवं रेत की खुदाई प्रारम्भ की।

## कैग की एक्सप्रेसवे घोटाले रिपोर्ट पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि नियंत्रण और महालेखा परीक्षक (कैग) ने संसद में पेश अपनी एक रिपोर्ट में एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता का खुलासा किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बारे में देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि पिछले सप्ताह कैग की कई रिपोर्ट संसद में पेश की जिनमें कहा गया है कि बहुप्रचारित भारतमाला परियोजना की लागत में 100 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। परियोजना को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति ने मंजूरी दी जिसके तहत 26,316 किलो मीटर लंबे राजमार्गों का ठेका 8,46,588 करोड़ रुपए की स्वीकृत लागत से दिया गया जबकि समिति द्वारा अनुमोदित लंबाई 34,800 किमी की लागत 5,35,000 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि कमाल की



बात यह है कि कई बार लागत बढ़ने के बावजूद गत 31 मार्च तक 13,499 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग पूरे हुए हैं। सीसीईए द्वारा राजमार्गों के निर्माण के लिए जो अनुमोदित लंबाई का काम दिया गया यह उससे 39 प्रतिशत से भी कम है।

परियोजनाएं 32.17 करोड़ रुपये प्रति किमी की दर से दी गई जबकि वास्तविक अनुमोदित लागत में 15.37 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर की दर से इस काम के लिए सीसीईए की तरफ से स्वीकृति दी गई थी। स्वीकृति से से दोगुनी से भी अधिक कीमत पर काम आवंटित हुआ।

इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा,भाजपा का भ्रष्टाचार और लूट देश को नरक की ओर ले जा रहा है। मोदी सरकार के खिलाफ एक तीखी रिपोर्ट में कैग ने बताया है कि भारतमाला परियोजना का निर्माण किया जा रहा है जिसमें असंख्य कमियाँ, मापदंडों का अनुपालन नहीं करना, निविदा बोली प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लंघन एवं भारी फंडिंग कुप्रबंधन सामने आया है।

कैग की रिपोर्ट में द्वारका एक्सप्रेसवे की बढ़ी हुई परियोजना लागत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस रपोर्ट पर भी कैग ने चिंता जताई है और कहा है कि इसकी स्वीकृत 18 करोड़ रुपये प्रति किलो मीटर पर दी गई थी लेकिन वास्तविक लागत 14 गुना बढ़कर 250 करोड़ रुपये प्रति किमी हो गई है।

### सुप्रीम कोर्ट का गोधरा ट्रेन अग्निकांड के तीन दोषियों को जमानत से इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे तीन दोषियों को सोमवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 17 वर्षों से न्यायिक हिरासत में बंद तीनों दोषियों की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की हत्या का मामला नहीं है। यह घटना बहुत ही गंभीर है। इसलिए हम इस मामले में इस स्तर पर जमानत देने के इच्छुक नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि दोषियों की याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए इसे एक पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुजरात सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और आरोपी की ओर से वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े की दलीलें सुनने के बाद अपना यह आदेश पारित किया।

## बोरवेल में दबे तकनीशियन की मौत, शव बरामद

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में करतारपुर-कपूरथला रोड पर गांव बसरामपुर में दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के निर्माण स्थल पर 80 फीट मिट्टी के नीचे फंसे तकनीशियन सुरेश यादव की मौत हो गई है।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनआरडीएफ) द्वारा लगभग 40 घंटों तक चलाये बचाव अभियान बाद हरियाणा के जींद निवासी सुरेश यादव के शव को बरामद कर लिया गया है। शव को जालंघर के सिविल अस्पताल ले जाया गया है।

करतारपुर-कपूरथला रोड पर गांव बसरामपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनी की बोरिंग मशीन फंस गई थी, जिसे निकालने के लिए दो तकनीकी विशेषज्ञों पवन और सुरेश को दिल्ली से बुलाया गया था।

बोर में काम करते समय अचानक ऊपर से मिट्टी खिसकने से सुरेश नीचे ही फंस गया। सुरेश को निकालने के लिए शनिवार रात आठ बजे से बचाव अभियान जारी था, लेकिन मिट्टी में ज्यादा नमी होने के कारण बचाव अभियान में काफी मुश्किलें आई और अभियान लंबा खिंच गया।

अभियान को सोमवार सुबह एक बड़ा झटका लगा, जब साइट पर अतिरिक्त मिट्टी ढह गई, जिससे बचाव प्रयासों में और देरी हुई और आदमी के जीवित रहने की संभावना कम हो गई।

जब यह दुखद घटना घटी तब सुरेश और उनके सहयोगी पवन एक खराब मशीन को ठीक करने का काम कर रहे थे। पवन पानी पीने के लिए ऊपर आ गया। इसी दौरान मिट्टी खिसकने से सुरेश मिट्टी के नीचे दब गया।

जालंधर के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) जसबीर सिंह ने बताया किया कि सोमवार सुबह जब बचाव दल फंसे हुए व्यक्ति के करीब पहुंच रहे थे, तब काफी मात्रा में मिट्टी ढह गई, लेकिन बचावकर्मी अपने साहसिक प्रयास को जारी रखे हुए थे।

### मनप्रीत बादल के गलत फ़ैसले के कारण सरकारी खज़ाने को 60 करोड़ रुपए का घाटा हुआ

धूरी (संगरूर)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को कहा कि पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल के गलत फ़ैसले से सरकारी खज़ाने को लगभग 60 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे ही नेताओं ने ही सत्ता में रहते हुए राज्य में अंधी लूट की। आज यहाँ 76 आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इन राजनीतिक नेताओं को पंजाब और पंजाबियों के साथ कोई सरोकार नहीं है, जिस कारण उन्होंने हमेशा ही राज्य को दरकिनार करके रखा। मान ने कहा, मैं तो इन राजनीतिज्ञों के घटिया कारनामों की फाइलें देखकर हक्का-बक्का रह गया। वास्तव में यह फाइलें पंजाबियों के खून से भीगी हुई हैं। इन नेताओं को किए गए गुनाहों के लिए जवाबदेह बनाउंगा और लोगों की हुई लूट का एक-एक पैसा वसूल करके रहूँगा। पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल पर तीखा निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भाजपा नेता ने सत्ता में होते हुए एक तरफ़ तो राज्य में ई-स्टैंप व्यवस्था लागू कर दी और दूसरी ओर 1266 करोड़ रुपए के स्टैंप पेपर छापने के हुक्म दे दिए, जिस पर 57 करोड़ रुपए की लागत आनी थी। उन्होंने कहा कि इस तजुर्बेकार पूर्व वित्त मंत्री के गलत फ़ैसले से सरकारी खज़ाने को लगभग 60 करोड़ रुपए का घाटा हुआ।

## मान ने 76 आम आदमी क्लीनिक किए जनता को समर्पित

धूरी (संगरूर)। स्वतंत्रता दिवस से पहले राज्य के लोगों को बड़ा तोहफ़ा देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को भारत की आज़ादी की 76वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 76 नये आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किए।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भी एक ट्वीट जारी कर इस मील का पत्थर साबित होने वाले कदम के लिए मुख्यमंत्री और पंजाब के लोगों को मुबारकबाद दी और कहा कि लोगों के कल्याण के लिए यह ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि पंजाब की तरक्की को अब कोई नहीं रोक सकेगा, क्योंकि राज्य के लोगों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए भगवंत



मान सरकार को चुना है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यहां आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित करने के बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को मानक स्वास्थ्य सुविधाएं उनके घर में ही मुहैया करवाने के लिए यह स्वास्थ्य क्रांति के नये युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि लोगों को मुफ़्त दवाएँ मुहैया करने के साथ-साथ यह क्लीनिक 41 तरह के टेस्ट मुफ़्त करने की सेवा भी दे रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ-साथ इस कदम से लोगों का जीवन लम्बा करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों द्वारा आम आदमी की सेहत की ओर ध्यान न देने पर अफ़सोस ज़ाहिर करते हुए कहा कि हमारी सरकार लोगों को मानक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित बनाने पर ज़ोर दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पुरज़ोर कोशिशों से पंजाब में स्वास्थ्य क्रांति के नये युग की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब कैंसर का मानक इलाज उपलब्ध है, जिस कारण अब इलाज के लिए लोगों को अन्य राज्यों में जाने की ज़रूरत नहीं है।

मान ने कहा कि राज्य से पहले बीकानेर कैंसर अस्पताल के लिए खचाखच भरकर चलने वाली कैंसर एक्सप्रेस रेलगाड़ी अब खाली जाती है, क्योंकि लोगों को अब पंजाब में ही इलाज की सुविधा मिल रही है।

## करनाल में भव्य तिरंगा यात्रा, खट्टर ने की अगुवाई

चंडीगढ़। हरियाणा में यहां शहर के बीचों-बीच सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसकी अगुवाई राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की।

यात्रा शुरू होने से पूर्व श्री खट्टर ने कहा कि आजादी बहुत संघर्षों और बलिदान के बाद मिली है। देश के अनगिनत लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, तब आजादी मिली है। हम सभी आजादी को कायम रखने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा, हमें देश की प्रगति के लिए कार्य करना चाहिए और देश के लिए जीना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने देश के टुकड़े कर दिए, जिसकी त्रासदी अनेक लोगों को



झेलनी पड़ी। उन्होंने समस्त करनाल और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

तिरंगा यात्रा के लिए बड़ी संख्या में लोग रामलीला ग्राउंड में पहुंचे। सभी अपने हाथों में तिरंगा लिए हुए थे। यहां मुख्यमंत्री अपना संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने यात्रा की अगुवाई की। यात्रा में उनके साथ प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट, सांसद संजय भाटिया, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, महापौर करनाल रेणु बाला गुप्ता, इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप तथा अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

तिरंगा यात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू हुई। इस के बाद महर्षि वाल्मीकि चौक से कर्ण गेट के सामने से होते हुए सब्जी मंडी चौक पहुंची। इस दौरान बाजार में लोग हाथों में फूल लिए खड़े थे और यात्रा पर फूलों की वर्षा कर रहे थे।

इसके बाद यात्रा नेहरू प्लेस की तरफ बढ़ी, वहां पर कहीं बच्चों ने तो कहीं बुजुर्गों ने स्वागत किया। यहां से यात्रा महावीर दल फिर सनातन धर्म मंदिर होते हुए कर्ण स्वीट्स तक पहुंची। इसके बाद पुराना बस अड्डा होते हुए वापिस रामलीला ग्राउंड पहुंची। यात्रा जैसे ही शहर के अंदर से गुजरी भारत माता के जयकारों से शहर की गलियां गूंज उठी। पूरा माहौल देश भक्ति के रंग में रंग गया। हर किसी ने गर्मजोशी से इस यात्रा का स्वागत किया। आमजन ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह पीने के पानी की छबील लगाई। यात्रा के साथ-साथ देशभक्ति गीतों को गाते हुए डीजे भी चला। इस पर लोगों ने नाच-गाकर तिरंगा यात्रा में जन भागीदारी निभाई।

## हरियाणा पुलिस के 12 अधिकारी, जवान पुलिस पदक से अलंकृत

चंडीगढ़। स्वतंत्रता दिवस पर हरियाणा पुलिस के 12 अधिकारियों और जवानों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चयन किया गया है।

हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से इन पदकों की घोषणा की गई है। हरियाणा पुलिस के दो अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक जबकि 10 अन्य पुलिस अधिकारियों और जवानों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया है। पुलिस उपाअधीक्षक (डीएसपी) सीआईडी उदय राज सिंह तंवर और महिला उप निरीक्षक जनक कुमारी को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

इसके अलावा सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत होने वालों में राहुल देव-डीएसपी झज्जर, वीरेंद्र सिंह पुलिस उपायुक्त सोनीपत, नवीन कुमार सहायक उप निरीक्षक हिसार, राजबाला महिला उप निरीक्षक गुरुग्राम, सुरेंद्र प्रताप हेड कांस्टेबल राज्य अपराध शाखा पंचकुला, युद्धवीर सिंह उप निरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम और जोगिंदर सिंह एएसआई रोहतक हैं।

## 'एट होम' समारोह में शामिल नहीं होगी स्टालिन सरकार

चेन्नई। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) और राज्यपाल आर.एन. रवि के बीच विधानसभा से पारित विधेयकों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जारी गतिरोध बरकरार है और इसी का नतीजा है कि राज्य सरकार 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्यपाल की ओर से आयोजित 'एट होम' स्वागत समारोह का बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्यपाल आर. एन. रवि को ओर से आयोजित पारंपरिक एवं विशिष्ट 'एट होम' स्वागत समारोह का बहिष्कार करेगी।

स्टालिन ने रवि की ओर से सार्वजनितत तौर पर विवादित बयान देने को लेकर आपत्ति जतायी और कहा कि उनकी सरकार कल शाम राजभवन में आयोजित होने वाले 'एट होम' समारोह का बहिष्कार करेगी। उन्होंने विश्वविद्यालयों को बर्बाद करने, उच्च शिक्षा में भ्रम की स्थिति पैदा करने, विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों की मंजूरी नहीं देने और राज्य से छात्रों तथा उनके अभिभावकों के सपनों का चकनाचूर करने वाले बयान देने को लेकर श्री रवि की आलोचना की।

### आज 'कन्याश्री' एक ब्रांड बन गया है : ममता

कोलकाता। कन्याश्री प्रकल्प की सफलता को समर्पित दिन 'कन्याश्री दिवस' के दसवीं वर्षगांठ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि कन्याश्री एक ब्रांड बन गया है और इसका नाम दुनिया भर में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। बनर्जी ने कहा, मुझे कन्याश्री दिवस मनाने में खुशी हो रही है, यह दिन महिला छात्रों को सशक्त बनाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कन्याश्री ने जाति, वर्ग और धर्म की परवाह किए बिना शिक्षा और वित्तीय सहायता प्रदान करके 81 लाख से अधिक युवा महिलाओं के जीवन को बदल दिया है।

## शिवकुमार ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर अश्वथ नारायण को 'गिरगिट' करार दिया

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. सीएन अश्वथ नारायण को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए 'गिरगिट' करार देते हुए विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं को चुनौती दी कि वे इस संबंध में जो चाहें करें।

अश्वथ नारायण ने श्री शिवकुमार के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मिलने की धमकी दी थी और इसकी लोकायुक्त जांच की मांग की थी। उन्होंने सिद्दरमैया के मंत्रिमंडल से श्री शिवकुमार को हटाने की भी मांग की। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं



से कहा,हम वास्तविक ठेकेदारों की मदद करना चाहते हैं और इसलिए हमने जांच शुरू की है। उन्हें (अश्वथ नारायण) किसी से संपर्क करने दें, कोई अभियान शुरू करने दें या कोई गेम खेलने दें, मैं अब कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा।

भाजपा नेता शिवकुमार के खिलाफ 'डीकेएस टैक्स' के रूप में 15 प्रतिशत कमीशन के आरोपों और श्री सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र के खिलाफ तबादलों में रिश्वत के आरोपों को 'वाईएसटी' के रूप में संदर्भित कर रहे थे।

उन्होंने कहा,अश्वथ नारायण को नवरंगी (गिरगिट) नारायण कहा जाना चाहिए। उन्हें चोरों की रक्षा करने के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत किया जाना चाहिए। उन्होंने वहां अपनी यात्रा पर रामनगर को साफ करने का वादा किया था। उन्होंने क्या साफ किया उन्होंने जिला के प्रभारी मंत्री के रुप में अपनी पार्टी को रामनगर से साफ कर दिया।

## बाढ़ व जलभराव के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गंगा, नंधौर, गौला, कोसी और दाबका नदी तटों पर हो रहे भूकटाव और बाढ़ के चलते आबादी क्षेत्रों में हो रहे जल भराव, भू कटाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को राज्य सरकार समेत सभी पक्षकारों से जवाब देने को कहा है।

इस मामले को चोरगलिया हल्द्वानी निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया की ओर से जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है।

इस प्रकरण पर मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश



थपलियाल की युगलपीठ में सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उत्तराखंड में अतिवृष्टि के चलते नदियां ऊफान पर हैं। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण बाढ़ व भूकटाव हो रहा है। इसके चलते आबादी क्षेत्र मे जलभराव भी हो रहा है। हजारों हैक्टेयर वन भूमि बह गयी है।

पेड़ों और सरकारी योजनाओं को भी नुकसान हो रहा है। नदियों का चेनलाइजेशन नहीं होने के कारण नदियों ने अपना रुख आबादी की तरफ कर दिया है। जिसकी वजह से उधमसिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की, देहरादून में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

बाढ़ से कई पुल बह गए हैं। आबादी क्षेत्रों में बाढ़ आने का मुख्य कारण नदियों के मुहानों पर जमा गाद, बोल्डर, मलबा को नहीं हटाना माना जा रहा है। याचिकाकर्ता ने आगे कहा कि सरकार ने उच्च न्यायालय के 14 फरवरी, 2023 को जारी आदेश का पालन नही किया है। जिसकी वजह से प्रदेश में बाढ़ जैसी स्थिति उतपन्न हुई है।

जारी आदेश में कहा गया था कि राज्य सरकार सभी विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित कर नदियों से गाद, मलुवा बोल्डर हटाकर उन्हें चेनलाइज करे ताकि बरसात में नदियों का पानी बिना रूकावट के बह सके।

## नीट परीक्षा में असफल होने पर छात्र और उसके पिता ने की आत्महत्या

चेन्नई। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के क्रोमपेट इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा में दो बार असफल रहने पर छात्र ने खुदकशी करने और उसके सदमे में बाद में पिता के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि दो बार नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहने पर एस जगदीश्वरन ने रविवार को अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अपने बेटे को पंखे की छत से लटका हुआ देख उसके पिता सेल्वसेकर ने बेटे की मौत के लिए एनईईटी परीक्षा को दोषी ठहराते हुए सोमवार की सुबह अपने आवास में फांसी लगा ली। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए नीट उम्मीदवारों से इस तरह के अतिवादी कदम न उठाने की भावनात्मक और भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि 2024 में होने लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा कि कुछ महीनों में एक राजनीतिक परिवर्तन के बाद नीट में आ रही सभी बाधाओं को दूर किया जायेगा।

## शार्ट न्यूज

### हमारा भारत देश, हमारी संस्कृति, हमारी भाषा और हम भारतीय सर्वोत्तम हैं : ठाकुर दलीप सिंह जी




नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह जी ने स्वतंत्रता दिवस पर संदेश देते हुए कहाभारतीय स्वतंत्रता दिवस की पुण्यतिथि पर हमें सभी भारतीयों को आपसी मतभेद भुलाकर एकता करनी चाहिए। हमें एक होकर भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं तथा भारतीय धर्मों को प्रोत्साहन देना चाहिए। हम सभी भारतवासियों में आत्म-सम्मान आना चाहिए हमारा देश, हमारी संस्कृति, हमारी भाषा और हम भारतीय सर्वोत्तम हैं। हम किसी से न्यूनतम नहीं। जब तक यह भावना हमारे मन में नहीं आती, तब तक हम वास्तव में स्वतंत्र नहीं हैं। ठाकुर जी ने अपने संदेश में यह भी कहा भारतवासियो! आत्म-सम्मान की भावना लाने के लिए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम एक प्रण करें हम सभी अपनी-अपनी मातृभाषा पर गर्व करेंगे। सभी भारतवासियों से विनम्र निवेदन है कि इस स्वतंत्रता दिवस पर आप भारत में वस्तुओं का निर्माण करने वाली सभी कंपनियों से यह आग्रह करें कि भारत में निर्मित सभी वस्तुओं की पैकिंग पर, प्रांतीय तथा राष्ट्रीय भाषा अवश्य लिखी होनी चाहिए। यदि सभी भारतवासी मिलकर यह मांग करेंगे, तो कंपनियां अवश्य ही लिखना शुरू करेंगी; क्योंकि, उनके ग्राहक तो हम भारतवासी ही हैं। यदि भारत में निर्मित सभी वस्तुओं की पैकिंग पर, प्रांतीय तथा राष्ट्रीय भाषा लिखी होगी, तो अपनी मातृभाषा के प्रति हमारे मन में प्रेम जागेगा और हमारे मन में आत्मसम्मान भी आएगा।

### हीरा स्वीट्स ने हरियाणा में की धमाकेदार एंट्री

#### स्वतंत्रता दिवस पर गुरुग्राम में खोला पहला आउटलेट



गुरुग्राम। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राम बाबू शर्मा जी की फूड एंड स्वीट्स आउटलेट चेन हीरा स्वीट्स ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरियाणा में धमाकेदार एंट्री की। इसके तहत सोमवार को गुरुग्राम के सेक्टर 29 में हीरा स्वीट्स के पहले आउटलेट की शुरुआत की। रामबाबू शर्मा जी के पुत्र और पूर्व विधायक विपिन शर्मा और पारस शर्मा ने विधिवत पूजन के साथ इस आउटलेट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सुखबीर सिंघला मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में अभिषेक शर्मा, डॉ. कमलदीप त्यागी, राजीव कुमार समेत शहर के कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई के साथ नए आउटलेट की शुभकामनाएं भी दीं। समारोह के बाद देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### नोएडा प्राधिकरण की 210वीं बोर्ड बैठक




नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की 210 वी बोर्ड बैठक अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बार बोर्ड में कुल 18 प्रस्तावों को रखा गया। जिसमें न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर), चिल्ला , यातायात रीजनल प्लान, भंगेल एलिवेटड, सेक्टर-42 का नियोजन और भू प्रयोग में बदलाव आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ऑनलाइन के माध्यम से अनिल कुमार सागर प्रमुख सचिव, अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास विभाग , नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, सीईओ ग्रेटरनोएडा रवि एनजी, एसीईओ कपिल सिंह के अलावा नोएडा एसीईओ मानवेंद्र सिंह, सतीश पाल और प्रभास मौजूद रहे। एनसीआर क्षेत्र में ट्रैफिक अवरोध को समाप्त कर रीजनल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। सलाहकार कंपनी नियुक्त करने के लिए आरएफपी जारी करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य में होने वाले खर्च का वहन तीनों प्राधिकरण यानी नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण एक समान रूप से करेंगे। रीजनल प्लान पर निर्णय के लिए एक समिति बनाई जाएगी इसी क्रम में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के 75 वर्ष के सारे रिकॉर्ड तोड़े : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के 75 वर्ष के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

केजरीवाल ने सीएजी के हवाले से प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट को आज ट्वीट कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के 75 वर्ष के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ने कहा कि प्रधानमंत्री कहीं भी भाषण देते हैं तो उनका सबसे बड़ा दावा यही होता है कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार खत्म कर दिया। यह अलग बात है कि 2014 में मोदी वाशिंग पाउडर आने के बाद उन्होंने सारे भ्रष्टाचारियों को उसमें धुल-धुल कर राजा हरिश्चंद्र बनाकर अपनी भाजपा में शामिल कर लिया। अब सीएजी के जरिए एक ऐसा खुलासा हुआ है, जिसमें पिछले 9 वर्षों में मोदी सरकार के उपर सबसे बड़े



भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। यह भ्रष्टाचार हैरान करने वाला है। इस भ्रष्टाचार का मोदी सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। मोदी सरकार ने अपने सारे भ्रष्टाचार के कीर्तिमान तोड़ने का काम किया है।

सिंह ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है। द्वारका एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट को 18 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर की लागत से बनाना था, लेकिन इस प्रोजेक्ट में लूटने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। 18 करोड रुपए प्रति किमी लागत से बनने वाली सड़क को मोदी सरकार ने 250 करोड रुपए प्रति किलोमीटर की लागत से बनाई। मोदी सरकार के भारत माला प्रोजेक्ट के तहत पूरे देश में 75 हजार किमी सड़क बननी है। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत एक किलोमीटर की सड़क 15 करोड़ रुपए प्रति किमी की लागत से बननी थी, लेकिन मोदी सरकार ने इसकी लागत बढ़ाकर 25 करोड रुपए प्रति किमी कर दिया। मोदी सरकार ने 75 हजार किमी लंबी सड़क निर्माण की लागत को बढ़ाकर सीधे-सीधे 7.5 लाख करोड रुपए का घोटाला किया। क्योंकि हर किमी सड़क निर्माण में 10 लाख रुपए की लागत बढ़ा दी गई। टू-जी, कोयला समेत कई बड़े घोटाले के नाम सुने हैं लेकिन मोदी सरकार ने तो भारत माला के नाम पर अपने आपको मालामाल कर लिया।

आप नेता ने कहा कि देश में एक ही व्यक्ति हमारे प्रधानमंत्री को अत्यंत प्रिय है। उसके बिना प्रधानमंत्री को नींद नहीं आती है।

## पत्रकार आकाशदीप शुक्ला ने किया सुसाइड

नोएडा। नोएडा के फिल्म सिटी स्थित एक मीडिया संस्थान में काम करने वाले पत्रकार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दिल्ली के पांडव नगर में रहते थे। डी सीपी ईस्ट डिस्ट्रिक्ट ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एक उनको सूचना मिली कि किसी व्यक्ति ने घर में सुसाइड किया है। जानकारी मिलते ही पुलिस पांडव नगर स्थित उनके घर पहुंची। रूम अंदर से बंद था। इसलिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दरवाजा तोड़कर अंदर गए। उन्होंने बताया कि व्यक्ति ने पंखे ऊनी कपड़े के जरिए फांसी लगाकर आत्महत्या की । मृतक की पहचान आकाश दीप शुक्ला उम्र 31 साल है। वे नोएडा के एक प्रतिष्ठित चैनल में अपनी सेवा दे रहे थे। मौके पर क्राइम टीम को बुलाया गया। वहां फोटोग्राफ और जांच पड़ताल की गई। परिजनों के स्टेटमेंट लिए गए। फिलहाल, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया कि पारिवारिक विवाद के चलते वे काफी परेशान थे।

## महिलाओं व बच्चों तक पौष्टिक आहार पहुंचाने को सरकार प्रतिबद्ध

नयी दिल्ली। दिल्ली की महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में हर जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों तक पौष्टिक आहार पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आतिशी ने सोमवार को पूर्वी दिल्ली में कोंडली स्थित एक सेंट्रलाइज्ड आंगनवाडी किचन का निरीक्षण कर खाना बनाने में इस्तेमाल हो रहे अनाज व अन्य सामग्रियों की जांच की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, केजरीवाल सरकार दिल्ली में हर जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों तक पौष्टिक आहार पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार 11 सेंट्रलाइज्ड किचनों के जरिए प्रतिदिन दिल्ली भर में आठ लाख बच्चों और महिलाओं तक पौष्टिक पका खाना और टेक होम राशन (टीएचआर) पहुँचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इन किचनों के जरिए हम गर्भवती महिलाओं, लैकटिंग माताओं और आँगनवाडियों में आने वाले 6 माह से 3 साल तक के बच्चों को बेहतर पोषण देने का काम कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि, केजरीवाल सरकार के इस सेंट्रलाइज्ड किचन के जरिये पूर्वी दिल्ली के 604 आँगनवाडियों में आने वाले 43,000 से अधिक बच्चों व गर्भवती महिलाओं तक मुफ्त पौष्टिक आहार पहुंचाने का काम किया जाता है। साथ ही यह किचन प्रतिदिन अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा जीरो ह्यूमन टच के साथ छह माह से तीन साल तक के 22,000 बच्चों तथा 7000 से ज्यादा महिलाओं के लिए टेक होम राशन तैयार किया जाता है। इसमें बच्चों के लिए पैक्ड पंजरी व गर्भवती महिलाओं और लैकटिक माताओं के लिए पैक्ड खिचड़ी प्रीमिक्स व सत्तू शामिल है।

## कुछ बनने के भाव से ज्यादा महत्वपूर्ण है करने का भाव : प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि जीवन में कुछ बनने के भाव से ज्यादा महत्वपूर्ण भाव कुछ करने का है। कुलपति विश्वविद्यालय के काउंसिल हाल में कुलपति इंटर्नशिप योजना (वीसीआईएस) के ग्रीष्मकालीन बैच के समापन अवसर पर विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उनके साथ डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा और पीआरओ अनूप लाठर और इंटर्न विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं में भागीदारी करने से विद्यार्थियों में नेतृत्व के भाव विकसित होते हैं।

उन्होंने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल राजनीति तक ही सीमित नहीं है, अपितु जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व का अपना महत्व है। ऐसे कार्यक्रमों में भागीदारी से विद्यार्थियों में सामूहिक रूप से मिलकर काम करने की भावना विकसित होती है।

कुलपति ने कहा कि अक्सर भारतीयों के बारे में कहा जाता है कि हम अकेले तौर पर काम करने में बहुत अच्छा करते हैं, लेकिन सामूहिक तौर पर ग्रुप में उतना अच्छा काम नहीं कर पाते।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की इंटर्नशिप योजना में भाग लेने से विद्यार्थियों को ग्रुप में काम करने का अनुभव प्राप्त होता है और मिलकर काम करने की भावना का विकास होता है।

प्रो. योगेश सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सब के लिए यह एक अलग सा अनुभव रहा होगा। यह योजना नजरिया बदलने का काम करती है।

## स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली में सुरक्षा चाक-चौबंद की गई

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किये गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को यहां बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी जिलों में कई सुरक्षा उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कुछ चिह्नित जगहों और संवेदनशील क्षेत्रों पर अपनी सतर्क निगरानी रख रही है। सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए मुख्य सड़कों, भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों और अन्य स्थानों पर पैदल गश्त बढ़ा दी गई है। लालकिले की आतंरिक घेरे की सुरक्षा की कमान स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने संभाल ली है। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) कमांडो भी तैनात कर दिए गए हैं। आसमान से सुरक्षा को चाकचौबंद बनाने के लिए एंटी ड्रोन रडार लगाए गए हैं। सेना के हेलीकॉप्टर पर अत्याधुनिक हथियारों



से लैस कमांडो टीम भी स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आसमान से सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी।

उन्होंने बताया कि कि पूरे शहर में अचूक सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों और पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए रणनीतिक स्तर पर पुलिस गश्त तेज कर दी गई है तथा अतिरिक्त पिकेट तैनात किए गए हैं। पुलिस ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस के दौरान सुरक्षा कारणों से उड़ने वाली वस्तुओं का उपयोग नहीं करने को कहा है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंड ग्लाइडर, मानव रहित हवाई वाहन, मानव रहित विमान प्रणाली और ड्रोन अन्य हवाई उपकरणों के उपयोग पर 16 अगस्त तक प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस पर कल लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे, जिसके मद्देनजर सुरक्षा कारणों से किले और उसके आसपास कुछ प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने एक बयान में कहा कि कल स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सभी लाइनों पर सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह पांच बजे से सेवाएं शुरू होगी। सुबह छह बजे तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी। उन्होंने कहा कि सुबह छह बजे के बाद मेट्रो पूरे दिन सामान्य समय सारिणी के अनुसार चलेंगी।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनाए गए सुरक्षा उपायों के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर सोमवार सुबह छह बजे से मंगलवार दोपहर दो बजे तक पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलेंगी।

स्वतंत्रता दिवस को लाल किला के आसपास के रास्ते आम लोगों के लिए तड़के चार बजे से लेकर पूर्वाह्न 10 बजे तक बंद रहेंगे। रास्ते से केवल अधिकृत वाहन ही गुजरेंगे।

## आई कैन केयर ने आयोजित किया पहला मास्टर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम, तंबाकू के खिलाफ अभियान

फरीदाबाद। भारत में 267 मिलियन से ज्यादा लोग ऐसे हैं जो तंबाकू का सेवन करते हैं और कैंसर का भी शिकार हो जाते हैं. इस तरह के मामलों में कैंसर से बचाव के लिए आई कैन केयर नाम का हेल्थ टेक स्टार्टअप काम कर रहा है, जो केयर के साथ रिहैबिलिटेशन भी मुहैया करा रहा है. आई कैन केयर तंबाकू को कम करने के मकसद से अपना पहला तीन दिवसीय रेजिडेंशियल मास्टर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम फरीदाबाद में 13 से 15 अगस्त के बीच आयोजित कर रहा है.

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर वैशाली, नोएडा में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर, पीपीजी व




आई कैन केयर के फाउंडर डॉक्टर पवन गुप्ता ने कहा, तंबाकू समाप्ति के लिए ICanCare का उद्देश्य 10,000 स्पेशलिस्ट बनाने और पूरे भारत में अधिक से अधिक मेडिकल फ्रेटरनिटी को अवेयर करना है.

तंबाकू का सेवन करने वाले मरीज आज लगभग सभी सेंटर्स में हैं, ऐसे में मेडिकल फील्ड के लोगों की नैतिक जिम्मेदारी भी है कि वो लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए कोशिशें करें.

फरीदाबाद में आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनिंग प्रोग्राम में जो प्रतिभागी होंगे वो प्रमाणित तंबाकू समाप्ति विशेषज्ञ, तंबाकू समाप्ति कार्यक्रम चलाने वाले संस्थानों की फैकल्टी, निजी डॉक्टर्स और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार हैं.

मास्टर्स ट्रेनिंग के दौरान तंबाकू की आदत छुड़ाने वाले स्पेशलिस्ट को ट्रेनिंग दी जाएगी कि कैसे वो तंबाकू का सेवन करने वाले अपने पेशेंट को सफलतापूर्वक ठीक करें.

इस मास्टर्स प्रोग्राम में तंबाकू स्पेशलिस्ट को प्रशिक्षण देना, तंबाकू से जुड़े एंबेसडर और मार्शल को ट्रेनिंग देना है. आई कैन विन फाउंडेशन के इस कार्यक्रम को बजाज इलेक्ट्रिकल्स फाउंडेशन द्वारा सहयोग किया गया है.

एक्सपर्ट का कहना है कि तंबाकू समाप्ति प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावशाली बनाने के लिए इससे जुड़ी फैकल्टी का डेवलप होना बेहद आवश्यक है.

इसके अलावा तंबाकू से मुक्ति के लिए अच्छी स्ट्रैटेजी की जरूरत है जिससे तंबाकू को सही रूप में कंट्रोल किया जा सके.

## स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर में 13 से 15 अगस्त तक आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूली छात्र-छात्राओं की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिस तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उसमें शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज एवं केसीएस इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रतिभा किया गया। यह तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर सूरजपुर गोल चक्कर होते हुए शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज एवं केसीएस इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान वंदे मातरम, भारत माता की जय का जमकर उद्घोष भी हुआ।

इस तिरंगा यात्रा के दौरान छात्र और छात्राओं के साथ में जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी भी चलते हुए नजर आए। इस दौरान स्कूली बच्चों में एक अलग तरह का जोश देखने को मिला और सभी देशभक्ति में रमे हुए नजर आए।

## भाजपा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया और विभाजन की भयावहता में अपनी जान गंवाने वालों की याद में मौन मार्च निकाला






नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने आज एक सेमिनार में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया। पिछले साल से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर देश ने 14 अगस्त को उन लोगों की याद में एक स्मृति दिवस के रूप में मनाना शुरू कर दिया है जिन्होंने अपनी जान गंवाई और विभाजन की पीड़ा का सामना किया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बैजयंत जय पांडा, एलओपी श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, राज्य मंत्री मीनाक्षी की उपस्थिति में सेमिनार को संबोधित किया। मंच पर सांसद डॉ. हर्ष वर्धन, मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, हंसराज हंस भी उपस्थित थे। सेमिनार में विभाजन की पीड़ा झेलने वाले पंजाबियों के संगठनों के सैकड़ों वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विभाजन की भयावहता को याद करती एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संबोधन के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने 1947 में विभाजन प्रक्रिया के दौरान मारे गए लोगों की याद में जंतर मंतर से कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क तक एक मौन मार्च निकाला।

दिल्ली के सभी भाजपा सांसद, दिल्ली विधानसभा और एमसीडी में एलओपी के साथ अन्य वरिष्ठ नेता और पार्टी पदाधिकारी मार्च में शामिल हुए।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि कल एक तरफ जब हम आजादी की 77वीं वर्षगांठ मनाएंगे तो दूसरी तरफ आज ही के दिन 14 अगस्त को लोगों से जो ऐतिहासिक धोखा हुआ, उसे याद करके हमें दुख हो रहा है, जो बहुत दुखद है। यह घटना भूलने योग्य नहीं है कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने कैसे संघर्ष किया और अपनी शहादत दी। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि इतनी शहादत के बाद भी हमें खंडित आजादी मिली क्योंकि भारत के दूसरे हिस्से को दूसरे देश के रूप में जाना जाने लगा।

एनडीएमसी हाल के बाहर लगी प्रदर्शनी का जिक्र करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि प्रदर्शनी में यह स्पष्ट है कि जब भारत आजाद हो रहा था, तब देश का एक बड़े हिस्से के लोग अपनी जान बचाने के लिए इस क्षेत्र में प्रवेश कर रहे थे। भारत का विभाजन इतिहास के सबसे बड़े विस्थापन के रूप में याद की जाने वाली घटना है जिसमें लगभग 1.5 करोड़ लोग विस्थापित हुए और लगभग 10 लाख लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इतनी बड़ी घटना होना मानवता के लिए शर्मसार करने वाली बात है।

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस विभाजन का जश्न मनाने के पीछे का उद्देश्य यह है कि हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि आखिर हमें कितने घावों के बाद यह आजादी मिली है। एकमात्र उद्देश्य स्वतंत्रता की कीमत को याद रखना है।

## नवहिंद गर्ल्स विद्यालय ने पूरे उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नई दिल्ली।** नवहिंद विधालय, न्यू रोहतक रोड में राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह। ध्वजारोहण समाजसेवी और उद्योगपति विनोद कुमार राजपाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं को आह्वान किया कि वो अपनी सोच, विचार और लक्ष्य स्पष्ट और उच्च स्तरीय रखें। इसी धारणा से ही जीवन में महान उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता। युवा क्रान्तिकारियों ने इसी सोच और भावनाओं को व्यवहार में लाकर देश को आजाद करवाने में सहयोग किया। इस अवसर पर विधालय के चेयरमैन कीर्ति शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम उस विधालय के





कार्यों, आदर्शों और परम्पराओं को आगे ले कर जा रहें हैं जिसकी स्थापना स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती सुचेता कृपलानी, महात्मा गांधी जी के सचिव वी कलयालम , आचार्य जे बी कृपलानी, डॉ राधारमण और सुश्री कौशल्या नरूला जैसे महान लोगों ने की और जिस विधालय का शिलान्यास तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी ने रखा। उन्होंने आगे स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे पक्षी एक पंख से नहीं उड सकता उसी तरह कोई भी राष्ट्र बिना महिला सशक्तिकरण के प्रगति नहीं कर सकता। इस कथन को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर नवहिंद द्वारा कौशल विकास द्वारा महिला सशक्तिकरण मिशन को आरम्भ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरदार अजीतसिंह, समाज सेविका मनप्रीत, मीना गोयल , मैत्रीय भट्टाचार्य और अधिवक्ता प्रणय प्रभाकर उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य सीमा खरबंदा ने धन्यवाद प्रस्तुत किया और आश्वासन दिलाया कि छात्राओं के समग्र विकास के लिए वो अपनी पूरी टीम के साथ प्रतिबद्ध हैं।

## इंडस्ट्रियल सेक्टर के वेयरहाउस में लगी आग

नोएडा। थाना फेस 2 क्षेत्र में बी-120 सेक्टर 88 स्थित एक वेयर हाउस में आग लग गई। आग लगने की वजह वेअरहाउस के बाहर लगा ट्रांसफॉर्मर था। ट्रांसफॉर्मर में चिंगरी उठी जो सीधे कंपनी के फर्स्ट फ्लोर पर गई। वहां गत्ता होने की वजह से आग लग लगई। आग फर्स्ट और ग्रांउड फ्लोर पर फैल गई। गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल की 6 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से कोई जन हानि नहीं हुई है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सुबह करीब सात बजकर 20 मिनट पर जानकारी मिली कि सेक्टर-88 में एक वेअरहाउस में आग लगी है। गत्ता और इलेक्ट्रानिक सामान होने की वजह से आग काफी फैल गई थी। यहीं नहीं काफी धुआं भी निकल रहा था। इस कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे तक छह दमकल की गाड़ियों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया। वहीं दोबारा ऐसी स्थित न हो यहां से गत्ता और बचा हुआ सामान बाहर निकाला जा रहा है। गनीमत थी आग से कोई जन हानि नहीं हुई है।

## संपादकीय

# पूरी तरह अस्वीकार्य हैं हेटस्पीच

नूंह की जिस हिंसा के संदर्भ में अपील की गई थी, उसमें सामने आए चित्रों से स्पष्ट है कि पुलिस एक तरह से मूकदर्शक ही बनी रही।

सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर नफरती भाषणों पर नकेल कसने को लेकर सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी रेखांकित की है। अदालत ने कहा है कि ऐसे भाषणों और अपराधों पर नजर रखने के लिए एक तंत्र बनाया जाए। अदालत ने कहा कि नफरत आधारित अपराध और नफरती बयान पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। करीब वर्ष भर पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को नफरती भाषणों पर रोक लगाने का निर्देश देते हुए पुलिस की जिम्मेदारी तय की थी।

अभी हरियाणा के नूंह और फिर अन्य क्षेत्रों में फैली हिंसा और नफरती बयानों तथा भाषणों के संदर्भ में दायर अपील पर उसने ताजा टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि पुलिस महानिदेशकों को निर्देश दिया जाएगा कि वे एक ऐसी समिति बनाएं, जो अलग-अलग इलाकों के थाना प्रभारियों से प्राप्त नफरती बयान संबंधी शिकायतों पर गौर करके उनकी सामग्री की जांच करें और पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी करें। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस को इस संबंध में चौकस रहने को कहा है। दिल्ली दंगों, विधानसभा चुनावों के दौरान और फिर उत्तराखंड तथा देश के अन्य हिस्सों में आयोजित धर्म संसदों में जब नफरती भाषणों को लेकर गुहार लगाई गई थी, तब भी न्यायालय ने पुलिस की जिम्मेदारी याद दिलाई थी। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह समुदाय विशेष के प्रति नफरत भरे भाषण देकर लोगों में उत्तेजना पैदा करने की कोशिशें तेज हुई हैं और इसके चलते अनेक जगहों पर हिंसा का माहौल बना है, उससे धार्मिक और सामाजिक सौहार्द काफी बिगड़ा है। जबकि संवैधानिक तकाजा है कि किसी भी समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट नहीं की जा सकती, मगर पुलिस ज्यादातर मामलों में हाथ पर हाथ धरे देखी गई है। इसकी बड़ी वजह तो यह है कि ऐसे नफरती भाषण देने वालों में खुद सत्तापक्ष के लोग संलिप्त रहे हैं। स्वाभाविक ही, इससे पुलिस को सख्ती बरतने में हिचक महसूस होती रही है। जिन मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस को सख्त निर्देश दिए, उनमें भी जांच और कार्रवाइयों आदि को लेकर उसका व्यवहार शिथिल ही देखा गया है।

ऐसे में कहना मुश्किल है कि न्यायालय के ताजा निर्देश पर पुलिस कितनी निष्पक्षता और सख्ती बरत पाएगी। नूंह की जिस हिंसा के संदर्भ में अपील की गई थी, उसमें सामने आए चित्रों से स्पष्ट है कि पुलिस एक तरह से मूकदर्शक ही बनी रही। पुलिस की शिथिलता और सख्ती से बचने के प्रयास की वजहें स्पष्ट हैं। सरकारों ने उसके हाथ बांध रखे हैं। फिर जहां खुद सत्तापक्ष के नेता भड़काऊ और नफरती बोल बोलते देखे जाते हैं, वहां छुटभैये नेताओं और कार्यकर्ताओं से भला कितने अनुशासन की अपेक्षा की जा सकती है? अब यह भी छिपी बात नहीं है कि राजनीतिक दल अपना जनाधार बढ़ाने के मकसद से उपद्रवी तत्त्वों को उकसाते हैं।

यह संकीर्णता केवल किसी समुदाय विशेष के प्रति विष वमन तक सीमित नहीं है। जो दल जाति की राजनीति करते हैं, वे भी किसी न किसी रूप में नफरती भाषणों का सहारा लेते देखे जाते हैं। हालांकि समाज का प्रबुद्ध तबका राजनीतिक दलों की इन चालबाजियों को समझता है, मगर उसके प्रयास इतने कमजोर साबित होते हैं कि उपद्रवी तत्त्व अपनी योजनाओं में कामयाब हो जाते हैं। ऐसे में नजर आखिरकार पुलिस पर जाकर टिकती है, जिसकी जिम्मेदारी सामाजिक विद्वेष पैदा करने की कोशिशों पर अंकुश लगाने और नफरत का माहौल खत्म करने की है।

# पहले मातृभाषा, फिर देश की भाषा

पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रदेश के सभी अंग्रेजी स्कूलों में दूसरी भाषा के रूप में बांग्ला को अनिवार्य कर दिया है। स्थानीय स्तर पर इसकी आलोचना हो सकती है कि पहले दूसरी भाषा में एक विकल्प हिंदी भी था। हम हिंदी भाषी भी इस पर भावुक प्रतिक्रियाएं दे सकते हैं। पर स्थानीयता की दृष्टि से राज्य की भाषा को वरीयता होनी ही चाहिए। अगर दूसरी भाषा हिंदी चुने जाने का विकल्प होगा, तो स्थानीय भाषा से दूरी बनना तय हो जाएगा। हां, तीसरी भाषा में हिंदी या किसी अन्य भारतीय भाषा का विकल्प एक सुंदर विचार हो सकता है। एक संघीय राष्ट्र के प्रांत के स्कूलों में अंग्रेजी के बाद स्थानीय/प्रादेशिक भाषा को अनिवार्य बनाना व्यवहारिक मार्ग है। हिंदी प्रदेशों में हिंदी के लिए भी ऐसे कदम उठाने की ज़रूरत है। भारतीय भाषाओं को बचाने का यही एक मार्ग है। संविधान सभा की कार्यवाही एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। उसमें भाषा और राष्ट्रभाषा को लेकर संविधान सभा के सदस्यों के बीच हुई बहसें बहुत दिलचस्प हैं। रघुनाथ विनायक धुलेकर ने हिंदी/ हिंदुस्तानी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा था। यह जानना भी दिलचस्प है कि पश्चिम बंगाल के लक्ष्मीकांत मित्र संस्कृत को राष्ट्रभाषा बनाना चाहते थे। ऐतिहासिक तथ्य यह भी है कि 12 सितंबर, 1949 को दोपहर बाद चार बजे जो बहस शुरू हुई, पूरे दो दिन चली, और सारा वाद-विवाद अंग्रेजी में हुआ। यहां तक कि संविधान सभा की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राजेंद्र प्रसाद भी अंग्रेजी में ही निर्देश दे रहे थे। रामचंद्र गुहा अपनी किताब इंडिया आफ्टर गांधी में कहते हैं कि भाषा संविधान सभा में सबसे विवादास्पद मुद्दा थी। उनके हवाले से मैं कहना चाहता हूं कि धुलेकर ने पुरजोर शब्दों में कहा कि जो लोग हिंदुस्तानी नहीं समझते हैं, उन्हें इस देश में रहने का कोई हक नहीं है। मेरी सम्मति है कि आजादी की 76वीं वर्षगांठ के उत्सवों के बीच भाषा को लेकर फिर चर्चा-बहस होनी चाहिए। इतने वर्षों में हिंदी को लेकर हम कहां तक पहुंचे हैं और आगे क्या रास्ता है? राष्ट्रभाषा के नाम पर हिंदी के लिए लड़ने वाले अपने बच्चों को हिंदी माध्यम में पढ़ाने के नाम पर बिदक जाते हैं, इस विरोधाभास को संबोधित ही नहीं करना चाहते, जबकि इसी विरोधाभास में भारत के भाषायी भविष्य की चाबी छिपी है। बंगाल से बात शुरू हुई, तो यह भी याद आता है कि गांधी जी कैसे महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, जब उन्होंने राजस्थान से कहा कि हिंदी को अपनी भाषा घोषित करें, इससे देशहित में मदद मिलेगी, पर यह बलिदान उन्होंने अपने गुजरात से नहीं मांगा। सोचने की बात है कि क्या आज हमारी कामनाओं, सपनों और उम्मीदों की भाषा के रूप में वह मान और प्रेम हम हिंदी भाषा को अपने जीवन और व्यवहार में देते हैं? हम हिंदी के नाम पर दूसरों से तो लड़ने के लिए खड़े हो जाते हैं, पर अपने जीवन और घर में लड़ पाते हैं? और बात केवल हिंदी की नहीं है। सभी भारतीय भाषाओं की है। हालांकि एक बड़ा वर्ग अब अंग्रेजी को गैर-भारतीय भाषा मानने से इन्कार करने लगा है, पर अंग्रेजी से इतर हमारी भाषाएं भी तो हमारी थोड़ी तवज्जो चाहती हैं। इन भाषाओं को बचाने के प्रयास करने होंगे। ये प्रयास सरकारी-गैर सरकारी, दोनों ही स्तर पर हो सकते हैं। मुझे सुखद हैरानी होती है कि सोशल मीडिया रील्स के जरिये दूर-दराज के गांवों- कस्बों के लोगों ने अनजाने में ही सही, लेकिन अपनी स्थानीय भाषाओं को लेकर कितना अद्भुत काम किया है। दिखने में बेशक ये रील्स साधारण हास्यबोधक लगें, लेकिन बगैर किसी बड़े चेहरे के ये लोग जिस तरह से भारतीय भाषा-बोलियों प्रचार-प्रसार कर रही हैं, उसका दस्तावेजीकरण करने में अकादमिक गलियारे कितनी रुचि दिखाएंगे, उसमें मुझे संदेह है। देश की कामकाजी आधिकारिक भाषा हिंदी बने या देश के माहौल व वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के अनुरूप अंग्रेजी बन जाए, पर हमारे दिलों से जुड़ी हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को हमें हिंदी बनाम अन्य भाषाओं का संघर्ष बनाने से भी बचाना है। सब भारतीय भाषाएं अंग्रेजी के समक्ष अपने वजूद की लड़ाई लड़ रही हैं। जिस प्रदेश की जो भाषा है, उस प्रदेश में पहले वह भाषा प्राथमिक हो, फिर राष्ट्रभाषा हो, यह तो तार्किक और व्यावहारिक बात है।

# भारतीय आजादी के सवालों में अब हो नया सवेरा



-ललित गर्ग-

आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होते हुए एक बड़ा एवं बुनियादी प्रश्न खड़ा है कि क्या हम वास्तविक रूप में आजाद है? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या हम आजादी के सही मायने जानते हैं? क्या हम आजादी का सही अर्थ समझ पाए हैं? ये तमाम प्रश्न न केवल हमारी आजादी पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं, बल्कि समाज के बौद्धिक वर्ग व आम जनता को आजादी के सही मायने खोजने के लिए भी प्रेरित करते हैं। क्या हमारे पास ईमानदार एवं नैतिक होने की कोई आजादी बची है? क्या हम वास्तविक गरीबी की दबी हुई आवाजों के बीच जीवित रह सकते हैं? राजशाही के नाम पर और लोकतंत्र के नाम पर जिन्होंने हम पर शासन किया, उनके झूठ और धोखे से हमें क्या आजादी मिली? क्या हमारे राजनेता आम आदमी की तरह बारिश और भूकंप में भी नंगे पैर चलकर ऊंचे दफ्तरों तक जाते हैं? क्या उनका घर सड़क पर चलने वाले आम आदमी जितना छोटा है? इन स्थितियों के बीच आजादी की बात भ्रमपूर्ण ही प्रतीत होती है।

देश में बढ़ता भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण तथा गरीबी के कारण आजादी शब्द के मायने खत्म होते जा रहे हैं। जिस देश की जनता अपने लिए भर पेट भोजन जुटाने के काबिल भी नहीं वहां आजादी की बातें भी बंधन में जकड़ती महसूस होती हैं। इन अभावों के साथ कैसे कहें कि हम आजाद हैं। आज हम कहीं नक्सलवाद से लड़ रहे हैं तो कहीं आतंकवाद से, कहीं जातिवाद से तो कहीं भ्रष्टाचार से, और तो और हमारे देश की अधिकतर महिलाएं तो सिर्फ अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही हैं। आज भी उन्हें इंतजार है उस आजादी का, जो एक औरत को उसकी सही पहचान दिलाने में मदद करे, देश की आधी आबादी को इंतजार है उस आजादी का, जो उनकी प्रतिभा को पनपने के पूर्ण अवसर दें। देश की बहन-बेटियों को इंतजार है उस आजादी का, जहां वे बेखौफ रहकर अपने सम्मान की रक्षा कर पाएं। हमारे यहां उन्हें समानता का अधिकार देना तो दूर एक आम नागरिक होने तक का सम्मान प्राप्त नहीं है। इसलिए बार-बार उनके अस्तित्व व आत्मसम्मान को कुचला जाता है।

आजादी एक सार्वभौमिक एवं सर्वकालीन मूल्य है, इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये निरन्तर समग्र क्रांति की अपेक्षा रहती है। जब तक व्यक्ति-व्यक्ति के संस्कारों एवं जीवनशैली में जमी दासता, हीनता, अनुशासनहीनता, उच्छृंखलता, जड़ता की परतें नहीं उतर जाती, तब तक वास्तविक आजादी का स्वाद चखना मुश्किल है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि व्यक्ति के मनोभावों से समाज एवं राष्ट्र प्रभावित होता होता है। आजादी एक प्रकार की मन:स्थिति है, जो विचारों के केनवास पर आकार पाती है। आजादी का मूल्य देश, काल, व्यक्ति और परिस्थिति के सन्दर्भ में परिवर्तित होता रहा है। उसका कोई एक स्वरूप या धारणा नहीं है। इसलिये उन-उन सन्दर्भों में उसका सापेक्ष मूल्य करते हुए इसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि आजादी के नाम पर भी



स्वच्छन्दता एवं उच्छृंखलता को प्रोत्साहन मिलता है। इसलिये सही अर्थ में आजाद या स्वतंत्र वही हो सकता है जिस पर अपना शासन हो। निज पर शासन फिर अनुशासन- यही वास्तविक आजाद होने का मर्म है। आत्मानुशासित व्यक्ति अपने परिवार, संगठन, समाज और राष्ट्र की उन सभी सीमाओं को स्वीकार करता है, जिनमें उसका व्यक्तित्व विकास होता है, समाज एवं राष्ट्र का वास्तविक विकास होता है।

आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब शिक्षा देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे थे। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति, कट्टरवादियों की उन्मादी सोच व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है। संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्ष का शब्दार्थ कुछ भी किया हो, सकारात्मक या नकारात्मक, पर अगर देश को एक बनाए रखना है, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है, तो सभी धर्मावलम्बियों को दूसरे धर्म के प्रति आदर भाव रखना होगा। अन्यथा स्वयं को बहुसंख्यक बनाने की होड के बहाने चेहरे बदलते रहेंगे, झण्डे बदलते रहेंगे, नारे बदलते रहेंगे, परिभाषाएं बदलती रहेंगी, मन नहीं बदल सकेंगे।

भ्रष्टाचार देश में अगर बढ़ रहा है, तो किसकी जिम्मेदारी बनती है? भ्रष्टाचार को कौन खत्म करेगा? आजादी के 75वें साल में इस सवाल का उठना अपने आप में गंभीर बात है। आजादी के स्वप्न में भ्रष्टाचार से मुक्ति भी शामिल थी। किसी के पास रहने को जगह नहीं और किसी के पास चोरी का माल रखने की जगह नहीं है। निस्संदेह, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ हमें मिलकर कदम उठाने पड़ेंगे। भारतीय जनता को सदैव ही किसी न किसी स्रोत से ऐसे संदेश मिलते रहे हैं। कभी हिमालय की चोटियों से, कभी गंगा के तटों से और कभी सागर की लहरों से। कभी ताज, कुतुब और अजन्ता से, तो कभी श्रीराम, श्रीकृष्ण, बुद्ध और महावीर से। कभी गुरु नानक, कबीर, रहीम और गांधी से और कभी कुरान, गीता, रामायण, भगवत् और गुरुग्रंथों से। यहां तक कि हमारे पर्व होली, दीपावली भी संदेश देते रहते हैं। निश्चित ही इन संदेशों से भारतीय जन-मानस की आजादी सम्भलती रही, सजती रही और कसौटी पर आती रही तथा बचती रही।

कोई भी विकसित होता हुआ देश किन्हीं समस्याओं पर थमता नहीं है। समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। वास्तविक आजादी को हासिल करने के लिये हमें कुछ संकल्प लेने होंगे, जिनमें पहला संकल्प है, विकसित देश बनना। दूसरा संकल्प, देश के किसी कोने में गुलामी का अंश न रह जाए। हमें औरों के जैसा दिखने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है। हम जैसे भी हैं, वैसे ही सामर्थ्य के साथ खड़े हो। तीसरा संकल्प, हमें अपनी विरासत पर गर्व होना चाहिए। चौथा संकल्प, देश में एकता और एकजुटता रहे। पांचवां संकल्प, नागरिकों का कर्तव्य। वाकई देश में सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। यदि सरकार का कर्तव्य है- हर समय बिजली-पानी देना, तो नागरिक का कर्तव्य है- कम से कम बिजली-पानी खर्च करना। अगर हमने इन संकल्पों को गंभीरता से लिया, तो भारत को वास्तविक आजादी का स्वाद चखने से कोई नहीं रोक सकेगा।

आजादी प्राप्ति के बाद जीवन धारा को जो रास्ता लेना था, वह नहीं मिला। हम आजादी का सदुपयोग नहीं कर सके। मनुष्य-मनुष्य में जब तक प्रेम और सहयोग का अटल नियम नहीं माना जायेगा तब तक उभयपक्षी की स्वतंत्रता नहीं रह सकती। हमने यह अनदेखा किया। न्याय हमें एक-दूसरे के अधिकारों की सीमा को लांघने के लिए विवश नहीं करता। स्वार्थवश यह दृष्टि हम नहीं अपना सके। सहिष्णुता ऐसी किसी उल्लंघन की अवस्था में परस्पर विद्वेष, कलह, और संबंध को रोकती है। इसका भी हम अर्थ नहीं समझ सके। विपरीत स्थितियां आती रहीं, चुनौतियां आती रहीं पर सत्य, अहिंसा, राष्ट्रवाद के शाश्वत संदेश सदैव मिलते रहे। यह और बात है कि हम राष्ट्रीय चरित्र के पात्र नहीं बन सके।

आजादी के बाद से जोड़-तोड़ की राजनीति चलती रही। पार्टियां बनाते रहे फिर तोड़ते रहे। अनुशासन का अर्थ हम निजी सुविधानुसार निकालते रहे। जिसका विषैला असर प्रजातंत्र के सर्वोच्च मंच से लेकर साधारण नागरिक की छोटी से छोटी इकाई गृहस्थी तक देखा जा सकता है। बच्चा-बच्चा अपनी जाति में वापिस चला गया। कस्बे-कस्बे में हिन्दुस्तान-पाकिस्तान की सीमायें खिंच गईं। क्रांति का मतलब मारना नहीं राष्ट्र की व्यवस्था को बदलना होता है। आजादी के आह्वान का हार्द व्यवस्था को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। वास्तव में यदि हम भारत को विकसित आजादी दिलाना चाहते हैं तो हमें अपनी सोच और अपने तौर-तरीके बदलने होंगे।

दुनिया जीत लेने की चाहत हर इंसान की होती है। यह तो हुई सकारात्मक मन की उड़ान, लेकिन उस मन की उड़ान को कैसे संभाला जाए जो सिर्फ अपने बारे में सोचता है उसे जिसे सिर्फ किसी भी कीमत पर दुनिया जीतने की चाह होती है वह अपने मन के घोड़ों को बेलगाम छोड़ देता है। यह समझ ही नहीं पाता कब उसके मन के बेलौस घोड़े कितने दिलों को चोट पहुंचा गए, कितने इंसानों अपने करीबियों की जिंदगी की खलबली मचा गए। कब उसकी मन में जगी सत्ता की भूख हजारों निर्धनों के मुंह का निवाला लील गई। कब स्वतंत्रता का निर्भय, कोमल अहसास स्वच्छंदता के कायर और दंश देने वाले हथियार में बदल गया। यहीं से आरंभ होती है स्वतंत्रता-स्वच्छंदता की धूमिल होती सीमा रेखा की। जिस तरह दुख के बारे में बातें बिना सुख की चर्चा के पूरी नहीं हो सकतीं उसी तरह आजादी भी बिना आजादी के दुरुपयोग की चर्चा बिना अधूरी है। आजादी अपने साथ बहुत जिम्मेदारियां लेकर आती है उन उत्तरदायित्वों के निर्वाह और एहसास को समाज का कोई मापदंड या कोई करीबी भी आपके लिए नहीं गढ़ सकता।

# वैश्विक जगत में नवीन छवि का निर्माण

आइए इस स्वाधीनता दिवस के पर्व पर हम यह संकल्प लें कि भारत को न सिर्फ विश्व का एक सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाकर वैश्विक नेतृत्व की संकल्पना को साकार करते हुए नए वैश्विक क्षितिज में नवीन भारत के उदय के लिए प्रण और प्रतिज्ञा लें। भारत की वीरांगनाओं, मनीषियों, तपस्वीओ, शिक्षकों, कलाकारों, वीर योद्धाओं, साहित्यकारों एवं तमाम देश का नेतृत्व करने वाले राजनेताओं के खून और पसीने के संघर्ष के बाद प्राप्त आजादी का महत्व समझते हुए देश को सर्वांगीण विकास की धारा में अग्रसर करते हुए श्रेष्ठ भारत की संकल्पना करते हुए हम दृढ़ संकल्पित होते हैं।भारत की विनम्रता और शांति के पहल की विश्व के सभी राष्ट्र पूरी शिद्दत से इज्जत की नजरों से देखते हैं। भारत सदैव विश्व मंच पर शांति सौहाद्र और विनम्रता की नीति को रखता आया हैद्य भारत ने सदैव शांति और अहिंसा को ही अपना परम धर्म मान कर वैश्विक शांति की पैरवी की हैद्य भारत का सदैव मानवतावादी दृष्टिकोण ही रहा है एवं उतनी ही संवेदनशीलता के साथ उसने अंतरराष्ट्रीय जगत पर अपनी बात का प्रभाव छोड़ा हैद्य पर इसका कतई अर्थ यह नहीं है कि भारत कमजोर या भीरू है। भारत की वैज्ञानिक तथा सामरिक शक्ति अब दुनिया में चौथे नंबर पर आ चुकी है।और हमारे पड़ोसी देश चीन,पाकिस्तान इस मुगालते में बिल्कुल ना रहे कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर उस पर किसी भी तरह आक्रमण करने की कोशिश करें। भारत अब एक स्वाभिमानी शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है और किसी भी आतताई शक्ति को हर स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। इसीलिए भारत अब धीरे धीरे वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली और मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है।

भारत की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है।




# भारत की 16 अगस्त 2023 से आज़ादी की 75 से 100 वर्षों की अमृतकाल की यात्रा 2047 शुरू



गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनिययां की नजरें भारत द्वारा मनाए जाने वाले 77 में स्वतंत्रता दिवस उत्सव 15 अगस्त 2023 की ओर लगी हुई है, जिसका नेतृत्व माननीय पीएम करेंगे व ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन करेंगे। अभी आजादी का अमृतमहोत्सव समारोह चल रहा है, जिसका शुभारंभ माननीय पीएम ने 12 मार्च 2021 को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम से किया गया था। इसका समापन 15 अगस्त 2023 को होगा और 16 अगस्त 2023 से आजादी की 75 से 100 वर्षों की यात्रा अमृतकाल 2047 की शुरुआत होगी, जो निश्चित रूप से महान भारत की रचना करेगी और 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियां पर राज करने वाला बादशाह का दर्ज़ा प्राप्त होगा जिसके लिए हरनागरिक की सहभागिता ज़रूरी है। 77 में स्वतंत्रता दिवस समारोह में कई नई पहल की गई है, जैसे पिछले साल की तुलना में बहुत अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया है जिसमें 1800 से अधिक लोगों को जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है, वही माय गोव के जरिए 17 हज़ार आधिकारिक ई निमंत्रण आमंत्रण ऑनलाइन भेजे गए हैं। यानें निमंत्रण कार्ड जारी किए गए हैं। 12 से अधिक स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के पहलुओं को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। दूसरी ओर भारत देश 13 से 15 अगस्त 2023 के बीच हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है जिसमें पीएम सहित करोड़ों लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी डीपी को तिरंगे में बदल दिया है,जिससे नागरिकों में जोश और गज़ब के उत्साह का बोध हो रहा है और हमारे प्रिय देश और हमारे दिल का संबंध और गहरा हो रहा है, राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर समाहित हो रही है। चूंकि 77 वें स्वतंत्रता दिवस उत्साह उमंग से अमृत महोत्सव संपन्न होकर 1947- 2047 अमृत कल शुरू होगा, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, भारत के 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से नए उत्साह के साथ अमृतकाल 2047 में प्रवेश करेंगे जिसमें हर नागरिक की सहभागिता ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम 15 अगस्त मनाने के संदर्भ में जानने की करें तो, लगभग 200 वर्षों तक अंग्रेजों ने हमारे भारत देश पर शासन किया। इनमें कई बार वीर क्रांतिकारियों द्वारा लड़ाईयां लड़ी गई और कई आंदोलन किये गये। जिसमें न जाने कितने ही वीर शहीद हुए। कई वर्षों तक जद्दोजहद करते-करते अंतत: 15 अगस्त 1947 को हमें आज़ादी मिली। जिस अवसर को हम सभी भारतवासी सम्मान के साथ प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हैं। हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस समारोह केवल कोई दिन नहीं बल्कि एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष इस दिन को पूरे भारतवर्ष में धूम-धाम से मानाया जाता है। ये त्योहार सभी के आपसी मतभेदों को भुलाकर एक साथ मिलजुल कर मनाये जाने वाला त्योहार है।इस दिन लोग अपनी आज़ादी का जश्न मनाते हैं और देश के प्रगति व विकास की कामना करते हैं। स्वतंत्रता दिवस एक ऐतिहासिक पर्व है, आज से 77 वर्ष पूर्व भारत को अंग्रेजों से आज़ादी मिली थी।भारत, जिसने अपना अस्तित्व खो दिया था, को पुन: अपनी पहचान मिली।अंग्रेज भारत आए और यहां के परिवेश को बड़े ध्यान से जानने और परखने के बाद,हमारी कमजोरियों को ध्यान में रखते हुए हम पर आक्रमण किया था। हमारे माननीय पीएम द्वारा हर साल लाल किले पर झंडा फहराया जाता है।

इसके बाद वे देश को संबोधित करते हैं और फिर कुछ रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाते हैं। इसे देखने के लिये दूर-दूर से लोग दिल्ली जाते हैं और जो नहीं जा पाते वे इसका सीधा प्रसारण देखते हैं।इस प्रकार हम हमारे वीर जवानों को याद करते हुए अपना स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। बता दें आज से 77 वर्ष पूर्व हम पर अंग्रेजों का शासन था, वे व्यापार के बहाने भारत आए और धीरे-धीरे सब कुछ अपने अधीन कर लिया और हमें अपना गुलाम बना लिया था। हमारे देश के वीर योद्धाओं की वजह से आज हम स्वतंत्र हुए हैं और उन लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए इस दिन को मनाते हैं।स्वतंत्रता दिवस भारत के राष्ट्रीय पर्वों में से एक है।

साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2023 को उत्साह पूर्ण भव्यता से बनाने की करें तो, जैसे ही पीएम द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, पार्श्व पंक्ति विन्यास में भारतीय वायु सेना के दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर मार्क-ढ्ढढ्ढ ध्रुव द्वारा कार्यक्रम स्थल पर फूलों की वर्षा की जाएगी। हेलीकॉप्टर के कैप्टन, विंग कमांडर और स्क्वाड्रन लीडर होंगे।पुष्पवर्षा के बाद, पीएम राष्ट्र को संबोधित करेंगे, संबोधन के समापन पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट राष्ट्रगान गाएंगे। राष्ट्रीय उत्साह के इस उत्सव में देश भर के विभिन्न स्कूलों के एक हजार एक सौ बालक और बालिका एनसीसी कैडेट (सेना, नौसेना और वायु सेना) भाग लेंगे। ज्ञानपथ पर सीटें लगाए गयीं हैं, जिन पर कैडेट आधिकारिक सफेद पोशाक में बैठेंगे।इसके अलावा, समारोह के भाग के रूप मेंएनसीसी कैडेटों को वर्दी में ज्ञान पथ पर बैठाया जाएगा। एक अन्य आकर्षण जी-20 प्रतीक चिन्ह होगा, जो लाल किले पर फूलों की सजावट का भाग होगा।, इस समारोह के हिस्से के रूप में, रक्षा मंत्रालय द्वारा 15-20 अगस्त तक मायगव पोर्टल पर एक ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।लोगों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 12 में से एक या अधिक स्थानों पर सेल्फी लेने और उन्हें मायगव प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कुल बारह विजेताओं, प्रत्येक स्थान से एक, का चयन ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10, हज़ार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। सेल्फी प्वाइंटराष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं।इन योजनाओं/पहलों में वैश्विक आशा- टीके और योग; उज्ज्वला योजना; अंतरिक्ष शक्ति; डिजिटल इंडिया; कौशल भारत; स्टार्ट-अप इंडिया; स्वच्छ भारत; सशक्त भारत, नया भारत; पॉवरिंग इंडिया; प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन शामिल हैं।

साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2023 में आमंत्रित अतिथियों की करें तो, विशिष्ट अतिथिविशिष्ट अतिथि के रूप में लाल किले में आयोजित समारोह का हिस्सा बनने के लिए देश भर से विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। यह पहल सरकार के जनभागीदारी दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है।इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच; किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग; पीएम किसान सम्मान निधि योजना और पीएम कौशल विकास योजना के 50-50 प्रतिभागी; नई संसद भवन सहित सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रम योगी (निर्माण श्रमिक); 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे शामिल हैं। इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों का दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करने और रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।प्रत्येक राज्य/केन्द्र-शासित प्रदेश से पचहत्तर (75) जोड़ों को भी उनकी पारंपरिक पोशाक में लाल किले में आयोजित समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

साथियों बात अगर हम उत्साह पर्व को संक्षिप्त में टू द पॉइंट जानने की करें तो(1) देश में स्वतंत्रता दिवस समारोह मुख्य रूप से लाल किले पर मनाया जाता है।(2) सभी भारतीयों देश के सम्मान में तिरंगे को सलाम करते हैं। (3) पूरे भारत में आजादी की खुशी और शहीदों के सम्मान में ध्वजारोहण किया जाता है।





## शार्ट न्यूज

### रुद्राभिषेक कर सीएम ने की सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि की प्रार्थना

**गोरखपुर।** देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष महात्म्य वाले पावन सावन मास के छठवें सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेशंकर से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति की प्रार्थना की। सोमवार प्रात: गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भोलेनाथ को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद दूध, फल के रस व जल से अभिषेक किया। मठ के मुख्य पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी व अन्य आचार्य एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री ने चराचर जगत के कल्याण तथा प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

### जौनपुर में सिटी मजिस्ट्रेट के विरोध में बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने भरी हुंकार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में बिगड़ती कानून व्यवस्था और अधिवक्ताओं पर अत्याचार को लेकर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं ने सोमवार को विरोध दिवस मनाया। अधिवक्ता साहिल का उत्पीड़न व जेल भेजने को लेकर अधिवक्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी किया। सिविल कोर्ट जौनपुर में आज आठवें दिन की न्यायिक कार्य नहीं हुआ। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन व वाराणसी के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर सिंह व पूर्व चेयरमैन अरुण त्रिपाठी भी आकर अधिवक्ताओं के आंदोलन में शामिल हुए। दोनों पूर्व चेयरमैन ने कहा कि यदि 15 अगस्त तक सिटी मजिस्ट्रेट का निलंबन या ट्रांसफर नहीं होता तो वाराणसी के अधिवक्ता यहां आकर आंदोलन करेंगे और सिटी मजिस्ट्रेट को भी बैठने नहीं देंगे। अधिवक्ताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक सिटी मजिस्ट्रेट का मामला पहुंच चुका है, जल्द ही शुभ समाचार मिलने की उम्मीद है। अधिवक्ताओं से सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस के नाम पर 500 रुपये की मांग पर हरिशंकर सिंह ने बताया कि यह बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है।

### धूमधाम ने निकाली गयी अमृत रथ यात्रा

जालौन। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में सोमवार को शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत रथ यात्रा का आगमन हुआ। इस रथ यात्रा के तहत पहले कार्यक्रम के रूप में बीकेडी पब्लिक स्कूल में अमृत रथयात्रा के अधीन देशभक्ति म्यूजिकल बैंड कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति गानों का कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया गया। बीकेडी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं व स्कूल प्रबंधक अजय इटोरिया द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने अमृत रथ यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला विकसित भारत का लक्ष्य गुलामी से मुक्ति अपनी विरासत पर गर्व एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना उत्पन्न करना ही पंच प्रण है। स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए क्रांतिकारियों के शौर्य बलिदान को याद किया। इस अवसर पर डीसी एनआरएलएम दिनेश यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी स्कूल प्रबंधक अजय इटोरिया प्रधानाचार्य आशीष तिवारी छात्र- छात्राएं सहित आदि मौजूद रहे।

### मिर्जापुर : आठ साल की बालिका से अश्लीलता के आरोप में आरक्षी गिरफ्तार

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर के कटरा कोतवाली थानाक्षेत्र में आठ साल की बालिका के साथ अश्लील हरकत के एक मामले में एक आरक्षी को गिरफ्तार किया गया है। घटना के सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक श्री कांत प्रजापति ने बताया कि रविवार की रात में एक महिला ने कटरा कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उसने आठ साल की पुत्री के साथ पीएसी 39बटालियन में तैनात आरक्षी सुधीर कुमार राम ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आरक्षी सुधीर कुमार पारिवारिक मित्र हैं और उसका घर पर आना जाना रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरक्षी सरायमीर आजमगढ़ जिले का रहने वाला है।उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर गिरफ्तार किया गया है। सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बुलंदशहर : दिन दहाडे कंपनी के कलेक्शन एजेंट से नौ लाख से अधिक की लूट

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को बाइक पर सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े सरेआम बाइक पर सवार कंपनी के कलेक्शन एजेंट से शस्त्रों की नोक पर नौ लाख पचास हजार रुपयो से भरा बैग लूट लिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पोंडरी थाना कोतवाली देहात निवासी राहुल राठी रेडिसन केव कंपनी में कलेक्शन एजेंट है वह आज दोपहर दो बजे राज दरबार होटल की ओर से बाइक पर सवार होकर नौ लाख पचास हजार रूपये जमा कराने भारतीय स्टेट बैंक जा रहा था ।जैसे ही वह प्रेम नगर के लिए मुडा वैसे ही बाइक पर सवार दो नकाबपोशपीछे से वहां आए और उसे रोक लिया नकाबपोशों ने उसे रूपयो से भरा बैग छीन लिया। एजेंट द्वारा विरोध करने पर उसकी तमंचे की बटो से पिटाई शुरू कर दी एजेंट ने शोर मचाया लेकिन लुटेरे रकम समेत मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े सरेआम हुई लूट की घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसएसपी श्लोक कुमार पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचकर एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है ।

### दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, जेल भेजा

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की नगला सिंधी थाना क्षेत्र की पुलिस ने चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को सोमवार को वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया। सी ओ टूंडला अनिवेश कुमार ने जानकारी दी है कि थाना नगला सिंधी क्षेत्र में रविवार को चार साल की एक बच्ची को खेलते हुए एक युवक अमन ने एक सुनसान मकान में ले जाकर दरिंदगी का शिकार बनाया गया। मासूम बालिका की चीख-पुकार पर ग्रामीण लोग एकत्रित हो गए वही मौका पाकर आरोपी निकल भागने में कामयाब रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची आरोपी की तलाश में पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस को रात में कुररा के जंगलों में एक संदिग्ध व्यक्ति के होने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने तुरंत कुर्रा के जंगल में पहुंच कर युवक की घेराबंदी की गई। तभी आरोपी युवक द्वारा पुलिस पर तमंचे से फायरिंग की गई पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की जिसमें यह गोली आरोपी युवक के पैर में लग गई वह घायल होकर गिर पड़ा।

### अज्ञात हमलावरों ने युवक के सिर में मारी गोली

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर कोतवाली थाना क्षेत्र में अमृतसर से अपने बाबा के चालीसवें में शामिल होने आए युवक को अज्ञात हमलावरो ने गोली मार दी। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाबूजई में शोएब (28) को रविवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर घायल युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने शोएब की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया। मीणा ने बताया कि शोएब के परिजनो से घटना के सम्बन्ध मे जानकारी ली जा रही है। हमलावरों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी के लिये 04 टीमो का गठन किया गया है जिन्हे आवश्यक दिशा निर्देश देकर शीघ्र आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया । मौके पर शान्ति व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# प्रदेश के प्राचीन धरोहर भवनों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

## प्रदेश के 9 महलों और हवेलियों में फाइव स्टार सुविधा वाले होटल खोलने की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हेरिटेज पर्यटन के लिए एक अनुकूल अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार जुटी हुई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर निजी क्षेत्र के निवेश के माध्यम से विरासत संपत्तियों को मूल गौरव के साथ पुनर्स्थापित करने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। इसके जरिए पर्यटन के क्षेत्र में युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसरों का सृजन भी होगा। साथ ही ग्रामीण पर्यटन, संस्कृति और स्थानीय क्षेत्र के आर्थिक कायाकल्प को भी बढ़ावा मिलेगा। योगी सरकार प्रदेश के 9 महलों और हवेलियों में पर्यटकों के लिए सितारा सुविधा वाले होटल खोलने की तैयारी में है।



### सरकार की ओर से बनाई गई है तीन कैटेगरी

यूपी पर्यटन विभाग की ओर से लखनऊ के छत्तर मंजिल, मीरजापुर का चुनार का किला, झांसी का बरुआ सागर किला, लखनऊ की कोठी गुलिस्ता-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास और कोठी रोशन, मथुरा के बरसाना जल महल, कानपुर का शुक्ला तालाब और बिठूर के टिकैतराय बारादरी को हेरिटेज होटल का रूप देने की तैयारी है।

इसके लिए सरकार की ओर से तीन कैटेगरी बनाई गई हैं, जिसकी कुल प्रस्तावित न्यूनतम निवेश धनराशि 180 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यटन विभाग की ओर से विरासत संपत्तियों में वेलनेस सेंटर, हेरिटेज होटल, माइस एक्टिविटी सेंटर, रिजॉर्ट, म्यूजियम, हेरिटेज रेस्टोरेंट, बुटिक रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, वेडिंग टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, होम स्टे, थीमैटिक पार्क और अन्य टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी यूनिट का निर्माण कराया जाएगा।

### पर्यटन विभाग ने किया है पांच राज्यों का अध्ययन

सरकार की ओर से प्रस्तावित इस योजना को टूरिज्म इंडस्ट्री के दिग्गजों की ओर से भी हाथों हाथ लिया जा रहा है। प्राचीन धरोहर भवनों के एडॉप्टिव रियूज और इसमें निवेश के लिए इच्छुक मुख्य होटल ग्रुप्स में लीला होटल्स, नीमराना होटल्स, इंडियन होटल्स कंपनी (ताज होटल्स), महिन्द्रा होटल्स एंड रिजॉर्ट, ओबेरॉय होटल्स, दि एमआरएस ग्रुप एंड रिजॉर्ट, ललित होटल्स, हयात रिजेंसी, सरोवर होटल्स एंड रिजॉर्ट्स, एकोर ग्रुप, टीएचएफ होटल्स, लैंजेर होटल्स, रॉयल आर्किड होटल्स, रमाडा होटल, क्लार्क होटल, ब्रिजरमा ग्रुप्स ऑफ होटल्स शामिल हैं। इन सभी ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) में रुचि दिखाई है। कुछ माह पहले ही लगभग 41 हेरिटेज उद्यमियों ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर प्रदेश के विरासत भवनों में अपनी रुचि प्रदर्शित की थी। वहीं पर्यटन विभाग की ओर से भी पांच राज्यों, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, ओडिशा और राजस्थान के विरासत भवनों का अध्ययन भी किया गया है।

प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन मुकेश मेश्राम के अनुसार परियोजना के लिए सफल निविदादाता का चयन गुणवत्ता और लागत प्रणाली (क्वालिटी एंड कॉस्ट बेस्ड सेलेक्शन) के आधार पर किया जाएगा। अधिकारी के अनुसार धरोहर भवनों के संरक्षण के लिए मापदंड और दायित्व भी तय किये गये हैं।

# बिजनौर में हिमांशु हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर। बिजनौर में हिमांशु हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या करने वाले बिजली विभाग में संविदा कर्मी को गिरफ्तार किया है। अवैध संबंधों को लेकर हिमाशुं की हत्या की गई थी। पकड़ा गया आरोपी अवैध संबंध में बाधा बनने के चलते युवक की हत्या की थी।

मामला बिजनौर के नजीबाबाद थाना क्षेत्र का है। जहां 31 जुलाई को इस्सेपुर का रहने वाला हिमांशु घर से गायब हो गया था। हिमांशु को पहले परिजनों ने तलाश किया। नहीं मिलने पर उसकी गुमशुदगी 2 अगस्त को थाने में दर्ज कराई। पुलिस तभी से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। 11 अगस्त को हिमांशु का शव कंकाल हालत में जंगल में पड़ा मिला था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए किशनपुर आंवला के रहने वाले शिव कुमार उर्फ बंटी पुत्र मदन पाल जोकि बिजली विभाग में संविदा कर्मी है को गिरफ्तार किया है।

### रिश्तेदार की महिला से अवैध संबंध था

पकड़े गए आरोपी शिव कुमार ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह बिजली विभाग में संविदा कर्मी हैं और आसपास गांव में बिजली के काम को



देखता है। इस्सेपुर में मृतक हिमांशु के फूफा विजय सिंह पुत्र कल्लू सिंह के घर पर उसका आना-जाना था और उसके विजय सिंह की पुत्रवधू से प्रेम संबंध हो गए थे। दोनों को आपस में मिलते हुए हिमांशु ने देख लिया था इसी कारण हिमांशु और विजय ने उसे बुरा भला कह कर बेइज्जत किया था।

### दोस्ती बनाकर जंगल में ले गया था

इसी का बदला लेने के लिए हिमांशु को रास्ता हटाने के लिए उससे दोस्ती कर ली और 31 जुलाई को हिमांशु को जंगल में ले जाकर शराब पिलाई और गला दबाकर उसकी गर्दन पर दरांती से वार कर उसकी हत्या कर शव चंद्रपाल के खेत में फेंक कर फरार हो गया था। नजीबाबाद कोतवाल राधेश्याम का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, आठ आरोपियो पर मामला दर्ज

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में सांप्रदायिक भड़काऊ पोस्ट करने पर हाफिजगंज थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ सोमवार सुबह मामला दर्ज किया । पुलिस ने सभी आरोपियों के यहां दबिश दी लेकिन वह फरार हो गये हैं।

एसपी ग्रामीण बरेली राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि साइबर सेल बरेली ट्विटर माध्यम से एक वीडियो क्लिपिंग थाना हाफिजगंज की पुलिस को भेजी गयी थी। उसका थाने में अवलोकन किया गया, वीडियो क्लिपिंग में मोहर्रम का मातम निकल रहा है, नाजिम रजा नामक व्यक्ति द्वारा वीडियो के ऊपर लिखा है, अंसारी है साहब किसी के दबके थोड़ी रहेंगे, 15 मिनट के लिए पुलिस को हटा दो, फिर देखते हैं किसमें दम है। शब्द अंकित करते हुए ट्वीट किया गया है। उक्त ट्वीट की जांच उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह द्वारा ग्राम कुंवरपुर बंजरिया में जाकर की गई। गांव में व्यक्तियों से वार्ता की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त ट्वीट सद्दाम उर्फ नाजिम राजा पुत्र नाथू उर्फ सत्तार निवासी कुंवरपुर बंजरिया थाना हाफिजगंज बरेली द्वारा अपनी फेसबुक आईडी पर स्टोरी पर लगाया गया था जिसे उवैश, सोहिल, मुस्तफा, अरमान, ताहिर हुसैन, सलमान और सलमान पुत्र सादिक हुसैन निवासी सैदपुर थाना इज्जत नगर बरेली द्वारा डाउनलोड कर वायरल कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा एक वर्ग समुदाय को दूसरे वर्ग के समुदाय के विरुद्ध अपराध करने के लिए प्रेरित करने हेतु उपरोक्त पोस्ट वायरल की गई है।

### बदायूं : घर के बाहर सो रहे व्यक्ति का गला काटकर हत्या

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र में घर के बाहर सो रहे एक व्यक्ति की गला रेत कर हत्या कर हत्यारा मौके से फरार हो गया है। सोमवार सुबह मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। एसएसपी ओपी सिंह नें घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीम को हत्या का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं और परिवार से घटना की जानकारी ली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामला जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के बिल्सी नगर का हैं जहाँ वार्ड नंबर आठ मोहल्ला साहबगंज निवासी तेजेंद्र(28) अपनें मकान के आगे चारपाई डालकर सो रहा था। उसी दौरान रात्रि में किसी अज्ञात ब नें फरसा से उसका गला काटकर हत्या कर दी।

# मुख्तार अंसारी, उसकी पत्नी व बेटे पर धमकाकर जमीन रजिस्ट्री कराने का आरोप

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जनपद में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (कंछल गुट) के जिलाध्यक्ष अबु फखर खां की कीमती भूमि को तमंचे के बल पर मऊ विधायक अब्बास अंसारी के नाम पर रजिस्ट्री कराने का मामला सामने आया है।

यह आरोप लगाते हुए व्यापारी नेता ने शहर कोतवाली में माफिया मुख्तार अंसारी, उसकी पत्नी आफसा अंसारी, विधायक पुत्र अब्बास अंसारी और दो सालों सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही पुलिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। मुख्तार अंसारी के खिलाफ हो रही कार्रवाई को देखते हुए करीब 11 वर्ष बाद पीड़ित ने हिम्मत जुटाकर न्याय



की गुहार लगाई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया।

पुलिस के अनुसार नगर कोतवाली के रजदेपुर शहरी निवासी अबु फखर खां ने बीते 12 अगस्त को मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के मुताबिक, होमियोपैथिक कॉलेज रौजा के सामने पक्की रोड के किनारे 0.029 हेक्टेयर बेशकीमती जमीन थी। इस पर माफिया मुख्तार मुख्तार अंसारी, पत्नी आफसा अंसारी, विधायक पुत्र अब्बास अंसारी, साले अनवर शहजाद और आतिफ रजा की नजर पड़ गई। मुख्तार ने लखनऊ जेल में बुलाकर धमकी देते हुए इस जमीन का बैनामा अपने बेटे अब्बास अंसारी के नाम करने को कहा था। कुछ दिन बाद मुख्तार का साला आतिफ रजा और अनवर शहजाद के साथ अफरोज लेकर मऊ विधायक के घर ले गए। जहां मऊ विधायक और उनकी मां आफसा अंसारी ने जमीन लिखने को कहा।

साथ ही धमकी देते हुए कहा कि इस एवज में फूटी कौड़ी भी नहीं मिलेगी। एक कमरे में बंद कर दिया गया। जहां अब्बास अंसारी ने तमंचा सटाकर डराया-धमकाया।

# भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज में स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारत - नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और चप्पे- चप्पे पर पुलिस और एसएसबी के जवान तैनात हैं।

नेपाल से भारत को जोड़ने वाली सीमा खुली होने की वजह से यहां से लगातार घुसपैठ की आंशका बनी रहती है, यही वजह है कि महराजगंज जिले से लगी सोनौली व ठूठीबारी सीमा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सीमा पर सीसीटीवी और सादे लिबास में भी जवान आने और जाने वालों पर नजर रख रहे है।

महराजगंज जनपद से सटे इंडो - नेपाल सीमा के सभी थानो को अलर्ट के साथ पुलिस ने पेट्रोलिंग बढा दी है ।



भारत से नेपाल जाने वालों या नेपाल से भारत आने वाले हर एक व्यक्ति और गाडियों की सघनता के साथ तलाशी की जा रही है।

महराजगंज जिले से लगी भारत नेपाल - सीमा पर सीमा पार से आने वालो की गहनता से जांच की जा रही है। सीमा पर एसएसबी जवान लगातार गश्त कर रहे है।

बीते दिनों मादक पदार्थो के बडे मामले सामने आने के बाद अब भारतीय सुरक्षा एजेसियां कोई चूक नही चाहती है इसके लिए अब सीमा पर जवान सीसीटीवी और खुफिया टीम के जरिए सीमा पार से आने वालो पर नजर रख रहे हैं।

देश विरोधी गतिविधियों को कैसे रोका जाए इसको लेकर सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने एक खाका तैयार किया है। सोनौली सीमा पर ही नही बल्कि जिले से लगी पूरे सीमा पर चौकसी तेज कर दी गई है।

### मैटल के घोड़े में निकला 99 लाख का गोल्ड

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री के पास से 1.632 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। यात्री फ्लाइट IX-194 में सोना छिपाकर दुबई से लखनऊ आया था। एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान कस्टम विभाग के अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। आरोपी ने कस्टम के अधिकारियों को चकमा देने के लिए मेटल के घोड़े के अंदर सोना छिपाकर रखा था। शक होने पर घोड़े को तोड़ा गया तो उसके अंदर से सोने के बिस्कुट मिले। बरामद सोने की कीमत लगभग 98.74 लाख रुपए है। कस्टम के अधिकारी यात्री से पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को पहले से सभी जानकारी प्राप्त हो गई थी। इसके बाद उनकी जांच शुरू हुई। लखनऊ एयरपोर्ट पर पिछले एक साल के अंदर कई बार नंबर दो के काम करने वाले लोग पकड़े गए हैं।

# शिक्षकों ने दिया धरना, 4 महीने से वेतन नहीं मिलने से हैं नाराज

**वाराणसी।** वाराणसी में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यापक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। नाराज अध्यापकों का कहना है कि वेतन में देरी को लेकर यह धरना दिन और रात जारी रहेगा। वाराणसी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में यह प्रोटेस्ट चल रहा है। अध्यापकों ने कहा कि वे 24 घंटे यहीं पर कुंडली मारकर बैठे रहेंगे। यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ के लोगों ने बताया कि धरना तब तक चलेगा, जब तक कि विलंबित वेतन का भुगतान न हो जाए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व शिक्षक एमएलसी चेत नारायण सिंह की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन चल रहा है। जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह



और जिला मंत्री दिनेश कुमार सिंह के अनुसार, कुछ बड़े अधिकारियों से कई दौर की वार्ताएं विफल हो चुकीं हैं। उन्होंने आश्वासन तो खूब दिया, लेकिन सैलरी क्रेडिट नहीं हो पाई। वाराणसी जिला कार्यकारियों के पदाधिकारियों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर जिला के कई स्कूलों में विलंबित वेतन के पेमेंट के लिए वार्ता किया था। भुगतान न होने की स्थिति में धरने पर बैठने की चेतावनी भी दी थी।

# आगरा में सर्राफ से 4.75 लाख की ठगी

**आगरा।** आगरा में एक सर्राफ के साथ कोरियर कंपनी द्वारा ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। सर्राफ ने असली चांदी के आभूषण भेजे थे। दूसरी तरफ से पेमेंट के रूप में नकली चांदी के टुकड़े मिले। मामले में सर्राफ ने कोरियर कंपनी के खिलाफ थाना कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

किनारी बाजार में सिद्धिदात्री ज्वैलर्स के मालिक पंकज अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनके पास केतन सोनी नाम के व्यक्ति ने फोन किया था। उसने बताया कि अहमदाबाद के कृष्ण ज्वैलर्स फर्म से बोल रहा है, उसे आभूषण खरीदने हैं।

अपरिचित फर्म होने के कारण पंकज अग्रवाल ने बिना एडवांस पेमेंट के माल भेजने से इनकार कर दिया। इस पर केतन सोनी ने किनारी बाजार में पीतांबरा एक्सप्रेस सर्विस कोरियर कंपनी के मालिक राजकुमार सिंह सिकरवार उर्फ राजू नाम लेते हुए कहा कि वह उन्हें जानते हैं। उसने उनका मोबाइल नंबर भी दिया। सर्राफ का आरोप है कि जब उन्होंने कोरियर कंपनी संचालक राजू से बात की तो उन्होंने पेमेंट कराने का भरोसा दिया था।

### दो बार में भेजे चांदी के आभूषण

सर्राफ पंकज अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पहले 2.56 लाख हजार के आभूषण भेजे। कोरियर संचालक ने माल के बदले चांदी मिल जाने की बात कन्फर्म कर दी तो सर्राफ ने दूसरी में 2.25 लाख रुपए के आभूषण और भेज दिए। जब पेमेंट के रूप में सर्राफ के पास नकली चांदी आई तो उसके होश उड़ गए।

### टमाटर से भरे ट्रक में लगी आग

ललितपुर। ललितपुर जिले में राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 पर स्थित ललितपुर बिरधा के बीच ग्राम सतरवांस के निकट सोमवार की सुबह टमाटर से भरे ट्रक में आग लग गई। जिसके चलते लाखो रुपए कीमत का 23 टन टमाटर व ट्रक जलकर खाक हो गया। ट्रक चालक व क्लीनर ने ट्रक से कूदकर जान बचाई। फायर बिग्रेड के कर्मियों ने आग को बुझाया। आग लगने के कारण कुछ घण्टे के लिए हाईवे पर जाम लग गया था ।कर्नाटक के कोलार से टमाटर लेकर पंजाब के जालंधर जा रहा ट्रक जब ललितपुर जिले के राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 पर ललितपुर बिरधा के बीच ग्राम सतरवांस के निकट सुबह 7 बजे के दरम्यान पहुंचा तो अचानक ट्रक में आग लग गई। चालक ने आग लगी देख ट्रक को हाईवे पर किनारे की तरफ खड़ा कर क्लीनर के साथ कूद गया। ट्रक में आग लगने की सूचना मिलने पर ललितपुर से फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और ट्रक में लगी आग को पानी डालकर बुझाया गया।

# मुजफ्फरनगर : किसानों का पैसा वापस दिलाने को धरने पर बैठी भाकियू

## केनरा बैंक से 33 लाख गबन, आरोपी बैंक कर्मी निलंबित

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जनपद की शाहपुर केनरा बैंक शाखा में 33 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आने के बाद पीड़ित किसानों में रोष है। रुपए वापस दिलाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में किसानों ने बैंक शाखा के बाहर धरना शुरू कर दिया।

शाहपुर केनरा बैंक शाखा में किसानों के खातों से 33 लाख रुपया गबन कर लिया गया था। गबन का मामला सामने आने के बाद केनरा बैंक शाखा में तैनात एकल खिड़की परिचालक अनूप शर्मा को निलंबित कर दिया गया था। आला बैंक अधिकारियों ने शाखा पहुंच कर मामले की जानकारी ली।

बता दें कि कई ग्राहकों की धनराशि को उनके खाते में जमा न कर करीब




33,16,227 रुपए का गबन कर लिया था। इसका आरोप एकल खिड़की परिचालक अनूप शर्मा पर लगाया गया।

शाखा प्रबंधक ने अनूप शर्मा के विरुद्ध थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। बैंक में वरिष्ठ बैंक अधिकारी शाखा पर पहुंचे और विभिन्न पत्रावलियों की जांच की।

बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक जीएस नेगी ने बताया कि आरोपी बैंक कर्मी अनूप शर्मा को निलंबित कर दिया गया था। उधर, भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह बालियान ने कार्यकर्ताओं और पीड़ित खाताधारकों के साथ बैंक शाखा के बाहर धरना प्रारंभ कर दिया। आरोप है कि शाखा प्रबंधक संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। ब्लॉक अध्यक्ष ने चेतावनी दी थी कि यदि समस्त खाताधारकों का गबन किया पैसा वापस नहीं मिला तो बैंक पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान बबलू बालियान, कंवरपाल सिंह, फेरु सिंह और अखलाक अहमद आदि मौजूद रहे।



## शार्ट न्यूज

### जुलाई में निर्यात 16 प्रतिशत घटा, व्यापार घाटा 20.67 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। वैश्विक मांग में मंदी के दबाव में भारत का निर्यात जुलाई 2023 में 32.25 अरब डॉलर रहा जो पिछले वर्ष जुलाई के 38.34 अरब डॉलर के निर्यात की तुलना में करीब 16 प्रतिशत कम है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा आज जारी निर्यात के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2023 में भारत का आयात 52.92 अरब डॉलर रहा, जो जुलाई 2022 में 63.77 अरब डॉलर के आयात की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। इसके मद्देनजर जुलाई 2023 में व्यापार घाटा 20.67 अरब डॉलर रहा। इस साल जून में भारत का व्यापार घाटा 20.13 अरब डॉलर था। जुलाई 2023 में भारत का सेवा निर्यात 27.17 अरब डॉलर था, जबकि जुलाई 2022 में यह 24.26 अरब डॉलर था। जुलाई 2023 में सेवा आयात 14.85 अरब डॉलर रहा है। जुलाई 2023 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएँ) 59.43 अरब डॉलर रहा जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 62.59 अरब डॉलर था। इस वर्ष जुलाई के दौरान कुल आयात 67.77 अरब डॉलर रहा जिसके परिणामस्वरूप 8.35 अरब डॉलर का व्यापार घाटा रहा।

### माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए विदेशियों से 15000 डॉलर वसूलेगा नेपाल; शुल्क संशोधन की तैयारी में सरकार

काठमांडू। नेपाल सरकार ने सोमवार को कहा कि वह 2025 से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति हासिल करने के लिए रॉयल्टी शुल्क 4,000 डॉलर बढ़ाकर 15,000 डॉलर करने पर विचार कर रही है। वर्तमान में 8,848.86 मीटर की ऊंचाई वाले दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत को फतह करने के इच्छुक विदेशी पर्वतारोहियों को 11,000 अमेरिकी डॉलर का रॉयल्टी शुल्क देना पड़ता है। नेपाली पर्वतारोहियों को 75,000 रुपये का शुल्क देना पड़ता है। सरकार ने इससे पहले जनवरी 2015 में रॉयल्टी शुल्क में संशोधन किया था। विभाग के प्रवक्ता युवराज खाटीवाड़ा ने कहा, पर्यटन विभाग ने 2025 से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के इच्छुक प्रत्येक विदेशी नागरिक के लिए 15,000 डॉलर का नया रॉयल्टी शुल्क प्रस्तावित किया है। कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद नया शुल्क लागू होगा। वर्तमान शुल्क संरचना किसी भी विदेशी पर्वतारोही को 11,000 अमेरिकी डॉलर के भुगतान पर साउथ फेस (नेपाल की तरफ) से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सक्षम बनाती है। 2025 से पहले समूह अभियान (जिसमें अधिकतम 15 सदस्य शामिल थे) प्रति व्यक्ति 10,000 अमरीकी डालर की लागत खर्च करते थे।

### 15 अगस्त से 50 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिकेगा टमाटर

नई दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एनसीसीएफ और नेफेड को 15 अगस्त 2023 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम के खुदरा मूल्य पर टमाटर बेचने का निर्देश दिया है। विभाग की ओर से यह फैसला थोक बाजारों में टमाटर की कीमतों में गिरावट को देखते हुए लिया गया है। एनसीसीएफ और नेफेड की ओर से दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की खुदरा बिक्री 14 जुलाई 2023 से शुरू हुई थी। 13 अगस्त 2023 तक अगस्त, 2023 में दोनों एजेंसियों द्वारा कुल 15 लाख किलोग्राम टमाटर की खरीद की गई थी, जिसे देश के टमाटर की के प्रमुख खपत वाले केंद्रों पर खुदरा उपभोक्ताओं को मुहैया कराया गया। इन स्थानों में दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान (जयपुर, कोटा), उत्तर प्रदेश (लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज) और बिहार (पटना, मुजफ्फरपुर, आरा, बक्सर) शामिल हैं। एनसीसीएफ और नेफेड की ओर से खरीदे गए टमाटर का खुदरा मूल्य शुरू में 90 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया गया था और बाद में इसे 16 जुलाई से घटाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम और 20 जुलाई से घटाकर 70 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया। अब टमाटर की कीमतों को घटाकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। इससे जाहिर तौर पर उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

### अदाणी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच के लिए सेबी ने और 15 दिन मांगे

नई दिल्ली। सेबी ने उच्चतम न्यायालय से अदाणी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच पूरी करने और स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए 15 दिन का और समय मांगा है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से सेबी को जांच पूरी करने के लिए 14 अगस्त तक का समय दिया गया था। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया और अडाणी समूह द्वारा शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने के आरोपों की जांच पूरी करने के लिए 15 दिन का और समय देने का अनुरोध किया है। भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक नई याचिका में कहा कि उसने इससे जुड़े 24 मामलों की जांच-पड़ताल की है। नियामक ने कहा, ''उक्त 24 मामलों में से 17 की जांच-पड़ताल पूरी हो गई है और सेबी की मौजूदा प्रक्रियाओं के तहत सक्षम प्राधिकारी ने उसे मंजूरी दे दी है।'' सेबी ने कहा कि जांच के निष्कर्ष पर रिपोर्ट दाखिल करने का समय ''15 दिन या ऐसी अन्य अवधि, जिसे माननीय न्यायालय वर्तमान मामले के तथ्यों व परिस्थितियों में उचित व आवश्यक समझे'' तक बढ़ाया जाए। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की पीठ ने 11 जुलाई को सेबी से अडाणी समूह के खिलाफ शेयरों की हेराफेरी करने के आरोपों में जांच की स्थिति बताने को कहा था। साथ ही जांच बढ़ाए गए समय यानी 14 अगस्त तक शीघ्रता से पूरी करने का निर्देश दिया था।

### आईआरसीटीसी के नकली एप से हो रही धोखाधड़ी, निजी जानकारी हो सकती है लीक

नई दिल्ली। अगर आप रेलवे टिकट बुक करने के लिए आईआरसीटीसी एप का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान होने की जरूरत है। आईआरसीटीसी ने ग्राहकों को एक ईमेल भेजकर कहा है कि नकली मोबाइल एप इस समय तेजी से चल रहे हैं। इसके जरिये धोखेबाज बड़े पैमाने पर नकली लिंक भेज रहे हैं और ग्राहकों को फंसा रहे हैं। आईआरसीटीसी ने कहा है कि नकली आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए मैसेज आता है। ऐसे फर्जी मोबाइल एप से बचना चाहिए। उन्हें केवल गूगल प्ले या फिर एपल एप स्टोर से ही आईआरसीटीसी के एप को डाउनलोड करना चाहिए। करोड़ों लोग आईआरसीटीसी के एप का उपयोग करते हैं। ऐसे में इस तरह के नकली एप से लोगों की निजी जानकारी धोखेबाजों के हाथ लग सकती है और इससे उन्हें नुकसान हो सकता है। शेयर बाजार की शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी में पिछले हफ्ते 74,603 करोड़ की कमी आई है। सबसे अधिक 25,011 करोड़ एचडीएफसी बैंक के पूंजीकरण में कमी आई। आईसीआईसीआई बैंक की पूंजी 12,781 करोड़, एयरटेल की 11,096 करोड़ और एचयूएल की 10,396 करोड़ घट गई।

### घर को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण है होम इंश्योरेंस

नई दिल्ली। हमारा घर कई कारणों से हमारे लिए बेशकीमती होता है। आर्थिक पहलू को छोड़ भी दें तो हमारे घर से हमारी गहरी भावनाएं जुड़ी होती हैं। हमारे जीवन में घर के महत्व को देखते हुए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि अपने आशियाने को सुरक्षित रखें। ऐसे में गृह बीमा किसी भी घर को सुरक्षित रखने में मदद करता है। एक बीमा कवर घर को प्राकृतिक आपदाओं, चोरी और सेंधमारी, आग और अन्य खतरों से बचाने में मदद करता है। गृह बीमा के दावे की शुरुआत में बीमा कंपनी को ईमेल, कॉल या मोबाइल एप के माध्यम से घटना को बताना होता है। पॉलिसी खरीद में बीमा सलाहकार से सहायता ली गई है तो उनसे भी संपर्क करें। बीमा कंपनी को पॉलिसी संख्या भी अवश्य बताएं। घर के बीमा की पॉलिसी आकस्मिक क्षति के कारण घरेलू उपकरणों के टूटने को भी कवर करती है। अपने फ्लैट, बिल्डिंग या विला का बीमा करा सकते हैं। होम इंश्योरेंस से यह सुनिश्चित होता है कि घर को किसी घटना से हानि होती है तो अपनी मेहनत की सारी कमाई खोए बिना उस आपात स्थिति से निपटने में सक्षम होंगे। ऐसे में दावे की प्रक्रिया यहाँ सबसे महत्वपूर्ण पहलू बन जाता है। नुकसान की तस्वीरें या वीडियो जुटा लें, क्योंकि यह सहायक कागजात के रूप में काम करेगा।


# शेयर बाजार में मामूली बढ़त

मुंबई। विदेशी बाजारों की गिरावट से आज दोपहर तक दबाव में रहे घरेलू शेयर बाजार इंफोसिस, रिलायंस, एलटी, विप्रो और टीसीएस समेत तेरह दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली से मामूली बढ़त पर रहा।

बीएसई का संवदी सूचकांक सेंसेक्स 79.27 अंक की तेजी के साथ 65401.92 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 6.25 प्रतिशत बढ़कर 19434.55 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.44 प्रतिशत टूटकर 30,296.88 अंक और स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत गिरकर 35,113.21 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3895 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2170 में गिरावट जबकि 1554 में तेजी रही वहीं 171 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में बिकवाली जबकि 19 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में टेक, एफएमसीजी और आईटी समूह की 0.64 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 16 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.66, सीडी 0.33, ऊर्जा 0.20, वित्तीय सेवाएं 0.36, हेल्थकेयर 0.48, इंडस्ट्रियल्स 0.06, दूरसंचार 0.34, यूटिलिटीज 0.63, ऑटो 0.23, बैंकिंग 0.29, कैपिटल गुड्स 0.20, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.50, धातु 1.81, तेल एवं गैस 0.40, पावर 0.91 और रियल्टी समूह के शेयर 0.65 प्रतिशत गिर गया।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.32, जापान का निक्केई 1.27, हांगकांग का हैंगसेंग 1.58 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.34 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 170 अंक की गिरावट लेकर 65,153.02 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 64,821.88 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,517.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,322.65 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत बढ़कर 65,401.92 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 44 अंक उतरकर 19,383.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,257.90 अंक के निचले जबकि 19,465.85 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,428.30 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत उठकर 19,434.55 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की 13 कंपनियों में लिवाली हुई। इंफोसिस ने सबसे अधिक 1.58 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.26, रिलायंस 1.13, एलटी 0.88, आईसीआईसीआई बैंक 0.70, एशियन पेंट 0.46, नेस्ले इंडिया 0.41, एक्सिस बैंक 0.34, विप्रो 0.24, कोटक बैंक 0.18, आईटीसी 0.06, पावरग्रिड 0.06 और टीसीएस के शेयर 0.01 प्रतिशत लाभ में रहे।

वहीं, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.47, एसबीआई 2.37, टाटा स्टील 1.79, बजाज फिनसर्व 1.39, अल्ट्रासिमको 1.20, इंडसइंड बैंक 0.80, टाटा मोटर्स 0.74, बजाज फाइनेंस 0.64, एचडीएफसी बैंक 0.53, भारती एयरटेल 0.42, मारुति 0.41, टाइटन 0.20, एचसीएल टेक 0.20, सन फार्मा 0.10, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.07, एनटीपीसी 0.07 और टेक महिंद्रा ने 0.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# 15 महीने की ऊंचाई पर खुदरा महंगाई

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई सब्जियों और अनाजों की कीमतों में आयी तेजी के कारण इस वर्ष जुलाई में भारतीय रिजर्व बैंक के लक्षित दायरे को पार करते हुये 15 महीने के उच्चम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गयी जबकि एक वर्ष पहले जुलाई 2022 में यह 4.78 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा आज जारी खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार भारत की खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से बढ़कर जुलाई 2023 में 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई जो रिजर्व बैंक के अधिकतम छह प्रतिशत के लक्षित दायरे से अधिक है। जुलाई 2022 में यह 6.71 प्रतिशत पर रही थी।

रिजर्व बैंक खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत तक लाने की कोशिश कर रहा है लेकिन अब यह 7.44प्रतिशत पर पहुंच गयी है।

रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की हाल ही में संपन्न बैठक में के बाद कहा था कि उसका पूरा जोर खुदरा महंगाई को लक्षित दायरे में लाने पर है। हालांकि दूसरी तिमाही में खुदरा महंगाई के बढ़ने का अनुमान जताया था और इसके कारण पूरे वित्त वर्ष की महंगाई के अनुमान को भी बढ़ा दिया गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जून 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रहा था। पिछले कुछ महीनों में सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। इसके साथ ही चावल और गेहूं जैसे अनाजों की कीमतों में बढोतरी हुयी है जिसके कारण खुदरा महंगाई में यह वृद्धि देखी गयी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीने से हो रही अनियमित वर्षा के कारण सब्जियों की खेती प्रभावित होने से इनकी कीमतों में तेजी आयी है। इस दौरान टमाटर की कीमतें 150 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर चुकी है।

इस बीच जुलाई में ग्रामीण महंगाई दर बढ़कर 7.63 फीसदी पर पहुंच गई, जबकि जून में यह 4.78 प्रतिशत। शहरी मुद्रास्फीति भी बढ़कर 7.20 प्रतिशत हो गई जबकि पिछले महीने 4.96 प्रतिशत रही थी।

# मास्टरकार्ड स्ट्राइव इंडिया के लॉन्च की घोषणा

नयी दिल्ली। मास्टरकार्ड ने आज अपने मास्टरकार्ड स्ट्राइव इंडिया कार्यक्रम के लॉन्च की घोषणा की जिसका लक्ष्य 2025 तक 5,00,000 छोटे व्यवसायों को डिजिटल इकोनोमी में सफल होने में सक्षम बनाना है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ट्रेड एसोसिएशन, गैर-लाभकारी और सरकारी एजेंसियों के सहयोग से स्ट्राइव इंडिया कार्यक्रम अपने प्रयासों को माइक्रो-एंटरप्राइजेज, महिलाओं के स्वामित्व और नेतृत्व वाले व्यवसायों और कृषि-उद्यमियों पर केंद्रित करेगा।

यह कार्यक्रम नए डिजिटल उपकरणों को अपनाने को प्रोत्साहित करने और बाजारों व डिजिटल फाइनेंसियल सेवाओं तक पहुंच को सक्षम करने के लिए भारत के छोटे व्यवसायों तक पहुंचने का प्रयास करेगा।मास्टरकार्ड स्ट्राइव इंडिया मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इनक्लूजिव ग्रोथ द्वारा समर्थित परोपकारी कार्यक्रमों के एक पोर्टफोलियो में शामिल हुआ है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में छोटे व्यवसायों को डिजिटल इकोनोमी में पनपने में मदद करना है। अतिरिक्त स्ट्राइव कार्यक्रमों में अमेरिका, ब्रिटेन, मैक्सिको, इंडोनेशिया और मलेशिया आदि शामिल हैं।

मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इनक्लूजिव ग्रोथ में सोशल इम्पैक्ट, एशिया पैसिफिक की उपाध्यक्ष सुभाषिनी चंद्रन ने कहा, छोटे व्यवसाय भारत के सबसे बड़े एम्प्लॉयर बनने के लिए तैयार हैं, और वे देश की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा में समावेशिता को आधारशिला बनाने में मदद कर सकते हैं। छोटे व्यवसायों को डिजिटल परिवर्तन और विकास से वास्तव में लाभ उठाने के लिए क्षमता निर्माण से लेकर उपकरणों, नए बाजारों और ऋण तक व्यापक पहुंच तक व्यापक समर्थन की आवश्यकता है। हम दुनिया भर के लोगों को दीर्घकालिक समृद्धि हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारत के छोटे व्यवसायों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से सार्थक रूप से जोड़ने के लिए हम निरंतर काम करना जारी रखेंगे।

मास्टरकार्ड के साउथ एशिया के डिवीजन अध्यक्ष गौतम अग्रवाल ने कहा, मास्टरकार्ड भारत में उद्यमिता को मजबूत करने और इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के कार्यक्रम उद्यमियों की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए मास्टरकार्ड के समर्पण को दर्शाते हैं।

# शक्कर में नरमी, खाद्य तेल मजबूत, दलहन, दाल में तेजी, चावल सामान्य

इंदौर। । सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली सुस्त रही। इससे भाव दबे। खाद्य तेलों में सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका। तिलहनों में खरीदी सुस्त रही। दलहन, दाल ऊंचे बोले गए। चावल में कामकाज सामान्यवत रहा।

### किराना बाजार

शक्कर पूछपरख सुस्ती से भाव नरमी लिए रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा गोला लिवाली से मजबूत बना रहा। साबूदाना में खरीदी बनी बताई गई।

तेल-तिलहन

खाद्य तेल मांग से तेजी हुई ।सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहनों में उठाव कमज़ोर बताया गया इससे सोयाबीन सस्ता बिका।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मूंग, तुअर मजबूत रहे। दालों में उठाव से भाव में तेजी हुई। चावल में उठाव साधारण रहा।

### किराना



शक्कर 3880 से 3900 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 120 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6300 से 6400, सोयाबीन 4900 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1920 से 1930, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 940 से 945, साल्वेंट 890 से 895, पाम तेल 895 से 900 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 5800 से 5825, चना विशाल 5500 से 5625, मसूर 5900 से 5950, तुअर निमाड़ी 8700 से 10200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10300 से 10700, तुअर (कर्नाटक) 10600 से 10900, मूंग 7800 से 8200, मूंग हल्की 6800 से 7200, उड़द 7400 से 8500, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7150 से 7650, तुअर दाल सवा नंबर 13200 से 13300, तुअर दाल फूल 13600 से 13700, तुअर दाल बोल्ड 14600 से 15100, आयातित तुअर दाल 12300 से 12400, मसूर दाल 7250 से 7550, मूंग दाल 9600 से 10000, मूंग मोगर 9900 से 10200, उड़द दाल 9800 से 10100, उड़द मोगर 10700 से 11000 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1540 से 1550, मैदा 1490 से 1500, आटा 1440 से 1450, चना बेसन 3500 से 3550 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# जियो ने शुरू की 5जी एमएम वेव स्पेक्ट्रम आधारित सेवा

नयी दिल्ली। रिलायंस जियो इंफ़ोकॉम लिमिटेड ने स्पेक्ट्रम बैंड से जुड़े सभी लाइसेंस सर्विस क्षेत्रों में रोल आउट की न्यूनतम ज़रूरतों को पूरा करने की आज घोषणा की।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि स्पेक्ट्रम लेते समय जियो ने वादा किया था कि वह 17 अगस्त 2023 तक इस लक्ष्य को पूरा कर लेगा, लेकिन तय समय से पहले ही जियो ने अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। 19 जुलाई 2023 को जियो ने फ़ेज़-1 इन ज़रूरतों को पूरा कर लिया था और 11 अगस्त को दूरसंचार विभाग ने इसे सभी सर्कलों में टेस्ट भी कर लिया था।

जियो ने लो बैंड, मिड बैंड और एमएम वेव स्पेक्ट्रम के कोम्बिनेशन को हासिल कर लिया है और डीप-फ़ाइबर नेटवर्क और स्वदेशी टेक्नोलोजी से बने प्लेटफ़ॉर्म को साथ जोड़ते हुए जियो को हर नागरिक तक 5जी पहुँचाने में सहायता मिलेगी। मिलीमीटर वेव बैंड (26 गीगा हर्ट्ज़) में जियो के पास 1000 मेगाहर्ट्ज़ सभी 22 सर्कल में उपलब्ध है। इनके बल पर जियो एंटरप्राइज़ के लिए बेहतर सेवा दे सकता है और साथ ही ये स्ट्रीमिंग सेवाएँ भी दे सकता है।




उसने कहा कि जियो भारत के 77वें स्वाधीनता दिवस पर आज़ादी के अमृतकाल में एमएम-वेव पर आधारित जियो ट्रू 5जी की बिज़नेस कनेक्टिविटी देश को सौंप रहा है।

कंपनी के अध्यक्ष आकाश अंबानी ने कहा, भारत सरकार, दूरसंचार विभाग और देश के 140 करोड़ लोगों से हमने तेज़ी से 5जी रोल आउट करने का वादा किया था। आज हम गर्व के साथ ये कह सकते हैं कि दुनिया का सबसे तेज़ रोल आउट करते हुए हमने भारत को अग्रणी श्रेणी में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। साथ ही हमने 5जी की न्यूनतम शर्तें पूरा करने के लक्ष्य को भी पूरा कर लिया है। पिछले साल, 5 अगस्त को हमें 5जी स्पेक्ट्रम मिला था। तभी से हमारी टीम दिन-रात मेहनत करके ये कोशिश कर रही है कि इस साल के अंत से पहले देश के कोने-कोने में बसे सभी लोगों तक 5 जी सेवाएँ पहुंचाई जा सकें। ये दुनिया का सबसे तेज़ 5जी रोलआउट है जो विश्व के 5जी मैप पर भारत को अग्रणी स्थान दिलाएगा। 5जी एमएम वेव का मतलब है ज़्यादा बैंडविड्थ और कम लेंटेंसी। कुल मिलाकर एक बेहतरीन इंटरनेट अनुभव। एमएम वेव सोल्यूशंस से लीज़ लाइन सेवाओं के व्यवसाय में भी बढ़ोतरी देखी जाएगी क्योंकि जियो बेहतर फ़िक्सड लाइन सेवाएं देते हुए लाखों छोटे और मंझोले उद्योगों को दमदार कनेक्टिविटी और शानदार प्रदर्शन की सौगात देगा।

### गदर 2, ओएमजी 2, जेलर और भोला शंकर की सप्ताहांत की कमाई 390 करोड़

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिलीज बॉलीवुड की फिल्मे गदर 2, ओएमजी2 , जेलर और भोला शंकर ने बीते सप्ताहांत पर संयुक्त रूप से रिकार्ड 390 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और इस दौरान कुल मिलाकर 2.10 करोड़ लोगों ने थियेटरों में इनको देखने के लिए पहुंचे। प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएमआई) ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोरोना महामारी के बाद थियेटरों के खुलने के बाद 11 से 13 अगस्त फिल्म जगत के लिए सबसे व्यस्त सप्ताहांत रहा है। सप्ताहांत ने सिनेमा उद्योग के 100 से अधिक वर्ष के इतिहास में एक नया सर्वकालिक नाटकीय सकल बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड बनाया। सप्ताहांत में देश भर के सिनेमाघरों में 2.10 करोड़ से अधिक फिल्म दर्शक आए, जो पिछले 10 साल के इतिहास में सबसे अधिक संयुक्त प्रवेश रिकॉर्ड भी है। प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष शिबाशीष सरकार ने कहा मुख्यधारा की कहानी को सही तरीके से क्रियान्वित करने के परिणामस्वरूप बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड टूट गए हैं। इस तरह की एक बड़ी उपलब्धि एक अविश्वसनीय फिल्म निर्माण टीम का परिणाम है। सिनेमाघरों में उमड़ी भीड़ ने हमारे उद्योग में एक नई ऊर्जा का संचार किया है, दर्शक इतनी संख्या में प्रतिक्रिया दे रहे हैं जो हमने बहुत लंबे समय से नहीं देखी है, यहां तक कि सुबह के शो भी हाउसफुल चल रहे हैं। यह सप्ताहांत उन लोगों के लिए एक अद्भुत अनुभव रहा है जो मुख्यधारा की भारतीय फिल्मों को पसंद करते हैं।

# अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर एलन मस्क काबिज

नई दिल्ली। भारत के मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्री के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में बड़ी छलांग लगाई है।

लंबे समय के बाद अमीरों की ग्लोबल लिस्ट में मुकेश अंबानी का स्थान सुधरा है। एक ही दिन में उनकी संपत्ति में 22.3 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है। लिस्ट में पहले स्थान पर 224 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क काबिज हैं। जनवरी 2023 में अदाणी समूह के खिलाफा हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी की संपत्ति में तेजी से गिरावट दर्ज की गई थी उसके बाद से मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर लोगों की सूची में पहले नंबर पर बने हुए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति फिलहाल 96.4 अरब डॉलर है और से दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11 नंबर पर हैं।

# थोक मूल्यों में जुलाई में मजबूती पर ,थोक मुद्रास्फीति चौथे माह शून्य से नीचे बनी रही

नयी दिल्ली। भारत में खास कर खाद्य वस्तुओं के महंगा होने से थोक बाजार में कुल मिला कर मूल्यों में जुलाई में इसे पिछले माह की तुलना में मजबूती आई पर थोक मुद्रास्फीति शून्य से 1.36 प्रतिशत नीचे रही।

जून में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति शुन्य से 4.12 प्रतिशत नीचे थी।

सोमवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार चार माह से शून्य से नीचे है।

सोमवार को जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जुलाई, 2023 में मुद्रास्फीति की दर में गिरावट मुख्य रूप से खनिज तेल, प्राथमिक धातुओं, रासायनिक और रसायन उत्पादों, कपड़ा और खाद्य उत्पादों की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में कमी चलते आई है।

तजा आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून के 1.32 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 14.25 प्रतिशत हो गई। जुलाई में ईंधन और बिजली मुद्रास्फीति जून के शून्य से 12.36 प्रतिशत नीचे की तुलना में घट कर शून्य से 12.79 प्रतिशत नीचे हो गई।

विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति जुलाई 2023 में शून्य से 2.51 प्रतिशत नीचे रही, जबकि इससे पिछले महीने में यह शून्य से 2.71 प्रतिशत नीचे थी।

वैश्विक जिंस बाजार में कीमतों के बढ़ने और तुलनात्मक आधार प्रभाव कम होने के साथ, आने वाले महीनों में थोक मूल्यू सूचकांक के धीरे-धीरे बढ़ने की उम्मीद है। जून में थोक मूद्रास्फीति रिकार्ड स्तर पर नीचे चली गयी थी।

भारतीय रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की समीक्षा करते समय खुदरा मुद्रास्फीति पर नज़र रखता है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
मंगलवार 15 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### आईएलटी 20: डेजर्ट वाइपर्स में शामिल हुए शाहीन अफरीदी

दुबई। पाकिस्तान के सुपरस्टार गेंदबाज शाहीन अफरीदी आईएलटी20 के दूसरे सीजन के पहले डेजर्ट वाइपर्स में शामिल हो गये हैं। आयोजकों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। साल 2018 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने के बाद से शाहीन ने सभी प्रारूपों में कुल 239 विकेट ले चुके हैं। आईसीसी ने उन्हें 2022 में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना था। नयी गेंद से बल्लेबाजों को परेशान करने के लिये मशहूर शाहीन टी20 क्रिकेट के पहले ओवर में कुल 42 विकेट ले चुके हैं। शाहीन ने फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने के बाद कहा, मैं डेजर्ट वाइपर्स में शामिल होने के लिये उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कई पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसक हैं और मुझे उम्मीद है कि वे आगामी आईएलटी20 में हमारी टीम का समर्थन करेंगे। शाहीन पाकिस्तान की घरेलू फ्रेंचाइजी लीग पीएसएल (पाकिस्तान सुपर लीग) में लाहौर कलंदर की कप्तानी करते हैं। लाहौर फ्रेंचाइजी ने उनकी कप्तानी में पिछले दो पीएसएल खिताब जीते हैं, हालांकि आईएलटी20 में उनकी भूमिका पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है। आयोजकों ने कहा कि आगामी सीज़न के लिये नये अनुबंधों की पूरी सूची अगले कुछ दिनों में जारी की जाएगी। टूर्नामेंट जनवरी-फरवरी 2024 में होने वाला है।

### सिनर ने जीता करियर का पहला मास्टर्स खिताब

टोरंटो। इटली के 21 वर्षीय प्रतिभावान खिलाड़ी जैनिक सिनर ने कनाडाई ओपन 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराकर अपने करियर का पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। सातवीं सीड सिनर ने रविवार को मात्र एक घंटे 30 मिनट चले एकतरफा फाइनल में डी मिनौर को 6-4, 6-1 से मात दी। गैर वरीयता प्राप्त डी मिनौर अपने स्वप्निल कनाडाई ओपन अभियान में दूसरी सीड दानिल मेदवेदेव सहित कई बड़े नामों को पछाड़कर फाइनल तक पहुंचे थे, हालांकि सिनर के आगे वह कोई खास चुनौती पेश नहीं कर सके। सिनर मियामी 2021 और 2023 में अपने पिछले दोनों मास्टर्स 1000 फाइनल हार गये थे लेकिन डी मिनौर के खिलाफ उन्होंने अद्भुत अनुशासन का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी की सर्विस पांच बार तोड़ी और फैबियो फोगनिनी (मॉन्टे कार्लो 2019) के बाद मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले दूसरे इतालवी खिलाड़ी बन गये। सिनर ने जीत के बाद कहा, यह मेरे लिये बहुत मायने रखता है। यह नतीजा शानदार है। मैं अपने करीबी लोगों के साथ इसे हर दिन साझा कर सकता हूं। यह उनके साथ बांटने के लिये एक शानदार पल है। इस जीत से मैं बहुत अच्छा और मज़बूत महसूस करवाया है। इसने मेरे अंदर भविष्य में और अधिक मेहनत करने की भूख जगाई है।

### सीमित ओवर में भारत बेहद सामान्य रहा है

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने वेस्ट इंडीज के विरुद्ध टी20 श्रृंखला में हार के बाद भारत को 'सामान्य स्तर की सीमित ओवर टीम' बताते हुए आत्मनिरीक्षण की मांग की है। वेस्ट इंडीज ने रविवार को खेले गये निर्णायक टी20 में भारत को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज 3-2 से जीत ली। भारत इससे पहले कभी भी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला नहीं हारा था, जबकि विंडीज के विरुद्ध टी20 श्रृंखला में उसे आखिरी बार 2006 में हार मिली थी। प्रसाद ने सोमवार को ट्वीट किया, भारत कुछ समय से सीमित ओवर क्रिकेट में बेहद ही सामान्य टीम रही है। कुछ महीनों पहले टी20 विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई न करने वाली वेस्ट इंडीज ने उन्हें हरा दिया है। हम बंगलादेश से भी (दिसंबर 2022 में) एकदिवसीय श्रृंखला हारे थे। आशा है कि टीम नासमझी वाले बयान देने के बजाय आत्मनिरीक्षण करेगी। प्रसाद ने कहा कि भारत को खराब प्रदर्शन करते देखना और उसे प्रक्रिया के नाम पर नज़रंदाज़ कर देना दुखद लगता है। उन्होंने कप्तान हार्दिक पांड्या और टीम प्रबंधन से जवाबदेही तलब करते हुए कहा कि भारतीय टीम के अंदर जीत की 'भूख और उग्रता' नहीं है। प्रसाद ने कहा, भारत को अपने कौशल में सुधार करना चाहिये। खिलाड़ियों में जीत की भूख और उग्रता की कमी नज़र आयी, साथ ही ज्यादातर समय कप्तान खोए हुए लगे। गेंदबाज बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे, बल्लेबाज गेंदबाजी नहीं कर पा रहे। यह ज़रूरी है कि आप अपनी हां में हां मिलाने वाले न ढूंढें और अपने पसंदीदा खिलाड़ी को खिलाने के चक्कर में बड़ी तस्वीर देखना भूल जायें।

### ऑस्ट्रेलिया के सामने 24 साल बाद मेजबान विश्व विजेता बनने का मौका, स्वीडन को अनुभव का लाभ

नई दिल्ली। यह तो क्वार्टर फाइनल में स्वीडन के हाथों जापान की हार के साथ ही तय हो गया था कि इस बार नया फीफा महिला विश्व चैंपियन बनने जा रहा है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के सामने एक और इतिहास बनाने का मौका है। बीते 24 सालों में कोई भी मेजबान देश अब तक विश्व चैंपियन नहीं बन सका है। यह गौरव 1999 में अमेरिका ने हासिल किया था। ऑस्ट्रेलिया के पास भी इस इतिहास को दोहराने का मौका है। हालांकि सेमीफाइनल में उसके सामने बेहद मजबूत यूरोपियन चैंपियन इंग्लैंड है। वहीं सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों में से सिर्फ स्वीडन को ही फाइनल में खेलने का अनुभव है। यह टीम 2003 के विश्वकप में उपविजेता रही थी। ऑस्ट्रेलिया इस विश्वकप में न्यूजीलैंड के साथ सहमेजबान है। अंतिम बार कोई मेजबान टीम फीफा महिला विश्वकप के सेमीफाइनल में 2003 में पहुंची थी। यह टीम भी अमेरिका थी। अमेरिका ने 1999 और 2003 विश्वकप की मेजबानी की। 1999 में यह टीम विजेता बनीं और 2003 में चौथे स्थान पर रही। यानि ऑस्ट्रेलिया 20 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मेजबान टीम बनी है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया की सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों में सबसे कम रैंकिंग 12 है, लेकिन उसने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस जैसी टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 7-6 से पराजित किया।

### द्रविड़ ने टी-20 सीरीज में हार की बताई वजह



हार्दिक पंड्या की कप्तानी में भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के साथ रविवार को पांच टी-20 मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ भारतीय टीम ने सीरीज को 3-2 से गंवा दिया। भारतीय टीम को पहली बार वेस्टइंडीज के साथ पांच या उससे ज्यादा टी-20 मैचों की सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। सीरीज खत्म होने के बाद टीम इंडिया के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, हमने पूरी सीरीज में अच्छी बैटिंग नहीं की। इस वजह से हार का मुंह देखना पड़ा है। उन्होंने आगे कहा- हमने इस सीरीज में कुछ गलतियां की हैं। ऐसे में कुछ क्षेत्र हैं, जिनमें सुधार करना होगा। हमने उनकी पहचान की है। इसके साथ ही उन्होंने टीम का बचाव भी किया और कहा कि हम एक युवा और उभरती हुई टीम के साथ खेल रहे थे, तो ऐसा होता है। उन्होंने कहा, शुरुआती दो मैच हारने के बाद टीम ने वापसी की। आखिरी मैच में हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जिसकी वजह से हमें सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। दरअसल नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज से ब्रेक दिया गया था। सीनियर्स खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में इस सीरीज में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया था। इस सीरीज में तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार ने डेब्यू किया। मुकेश कुमार ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट, वनडे सीरीज में भी डेब्यू किया।

# पेगुला बनीं कनाडाई ओपन चैंपियन

मॉन्ट्रियाल। अमेरिका की अनुभवी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने कनाडाई ओपन 2023 के फाइनल में रूस की लियुडमिला सैमसनोवा को हराकर अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीत लिया है।

विश्व की नंबर तीन पेगुला ने रविवार को खेले गये फाइनल में नंबर 18 सैमसनोवा को 6-1, 6-0 से मात दी। सैमसनोवा कुछ घंटों पहले खेले गये सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर आ रही थीं इसलिये थकी हुई प्रतिद्वंदी को मात देना पेगुला के लिये अत्यधिक आसान साबित हुआ।

साल 2013 में सेरेना विलियम्स की जीत के बाद पेगुला एक दशक में कनाडाई ओपन जीतने वाली पहली अमेरिकी हैं। ग्वाडलाजारा में पिछले साल अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद पेगुला अब सेरेना और वीनस विलियम्स के साथ एक से अधिक डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने वाली तीसरी अमेरिकी खिलाड़ी बन गयी हैं।

पेगुला ने जीत के बाद कहा, हम टूर्नामेंट जीतने और हर हफ्ते खिताब जीतने के लिये दौरे पर निकलते हैं, लेकिन टेनिस वास्तव में कठिन हो सकता है जहां आप कभी-कभी बहुत कुछ हार जाते हैं। जब आप बहुत सारे मैच जीत रहे हों, तब भी टूर्नामेंट नहीं जीत पा रहे हों तो स्थिति कठिन हो सकती है।

उन्होंने कहा, इस सप्ताह की तरह एक सप्ताह जीतना सभी कोशिशों को सार्थक बना देता है। आप और अधिक के लिये आगे बढ़ना चाहते हैं। मैं कल सिनसिनाटी में तुरंत वापस आऊंगी।

सैमसनोवा पर जीत के साथ पेगुला ने एक अभूतपूर्व सप्ताह समाप्त किया। उन्होंने यूलिया पुतिनत्सेवा और जैस्मीन पाओलिनी पर सीधे सेटों में जीत के साथ पहले दो राउंड आसानी से पार करने के बाद क्वार्टरफाइनल में अपनी युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को हराया और फिर सेमीफाइनल में विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक पर साल की अपनी दूसरी जीत हासिल की।

पेगुला ने कहा, कोको और इगा को हराना लगातार दो कठिन मुकाबले थे। ऐसा करने में सक्षम होना और फिर आज वास्तव में साफ-सुथरा मैच खेलना बहुत अच्छा था। मुझे लगा कि किसी भी समय मेरे ऊपर बहुत अधिक दबाव नहीं था या मैं आज बहुत अधिक चिंतित नहीं थी।



सैमसनोवा लगभग 10 घंटे कोर्ट पर बिताकर फाइनल में पहुंची थीं। इससे पहले दिन में, 24 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने बारिश से स्थगित सेमीफाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नंबर चार रिबाकिना को 1-6, 6-1, 6-2 से हराया था। पूरे सप्ताह के दौरान विश्व नंबर दो एरिना सबालेंका और रिबाकिना जैसे खिलाड़ियों को हराने के बाद सैमसनोवा फॉर्म में थीं, लेकिन कुछ घंटे पहले खेले गये सेमीफाइनल की थकान ने फाइनल में उनपर अपना प्रभाव डाला। स्वियातेक पर जीत के बाद आराम और आत्मविश्वास से भरी पेगुला ने बेसलाइन से सैमसोनोवा को केवल 49 मिनट में हराकर जीत हासिल की। पेगुला ने मैच में केवल तीन अप्रत्याशित गलतियां कीं और 16 विनर लगाते हुए अपनी पहली सर्विस के बाद एक भी अंक नहीं गंवाया।

# स्टीवन फिन ने क्रिकेट को अलविदा कहा

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टीवन फिन ने सोमवार को क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास लेने की घोषणा की।

फिन घुटने में चोट लगने के कारण पिछले 12 महीनों से क्रिकेट से दूर थे, जिसके कारण उन्होंने सिर्फ 34 साल की उम्र में ही संन्यास ले लिया। उन्होंने इंग्लैंड के लिये 36 टेस्ट, 69 एकदिवसीय और 21 टी20 मैच खेले और राष्ट्रीय टीम के लिये 29.05 की औसत से कुल 254 विकेट चटकाये।

फिन ने अपने काउंटी क्लब ससेक्स द्वारा साझा किये गये एक बयान में कहा, मैं पिछले 12 महीनों से अपने शरीर के साथ लड़ाई लड़ रहा हूं और मैंने हार मान ली है। साल 2005 में मिडिलसेक्स के लिये पदार्पण करने के बाद से मैं अपने पेशे के तौर पर क्रिकेट खेलने में सक्षम होने के लिये अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली महसूस करता हूं। यात्रा हमेशा आसान नहीं रही है, लेकिन फिर भी मैंने इसका आनंद लिया है।

उन्होंने कहा, मैं इंग्लैंड, मिडिलसेक्स और ससेक्स में शानदार लोगों के संग बनाई गयी कुछ अद्भुत यादों के साथ संन्यास ले रहा हूं। यह मेरे साथ सदैव जीवित रहेंगी।

फिन के करियर का सबसे यादगार प्रदर्शन 2015 एशेज श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था, जब उन्होंने बर्मिंघम टेस्ट में 79 रन देकर छह विकेट लिये थे। इंग्लैंड ने यह सीरीज 3-2 से जीती थी और यह आखिरी मौका था जब एशेज़ का कलश इंग्लैंड के पास गया था।

फिन ने कुल मिलाकर तीन एशेज़ सीरीज जीतीं और वह 2010 में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार एशेज़ जीतने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा भी रहे थे। फिन एकदिवसीय विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले इंग्लैंड के एकमात्र गेंदबाज हैं।

## चतुष्कोणीय टूर्नामेंट के लिये जर्मनी रवाना हुई जूनियर महिला, पुरुष टीम

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीम चतुष्कोणीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिये सोमवार को जर्मनी रवाना हुई। डसलडोर्फ में 18 अगस्त से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भारतीय टीमें इंग्लैंड, स्पेन और जर्मनी का सामना करेगी। यह टूर्नामेंट दिसंबर में मलेशिया में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप और नवंबर में चीली में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण होगा। उत्तम सिंह के चोटग्रस्त होने के कारण विष्णुकांत सिंह भारतीय जूनियर पुरुष टीम की कप्तानी करेंगे। उत्तम को प्रशिक्षण शिविर के दौरान चोट लगी थी और सौरभ आनंद कुश्वाहा को उनकी जगह स्क्वाड में शामिल किया गया है। बॉबी सिंह धामी भारत के उपकप्तान बने हुए हैं। भारतीय महिला टीम की कप्तानी प्रीति के हाथों में होगी, जबकि रुतुजा दादासो पिसाल उप-कप्तान होंगी। जूनियर पुरुष टीम 18 अगस्त से 22 अगस्त 2023 के बीच अपने मुकाबले खेलेगी, जबकि जूनियर महिला टीम 19 अगस्त से 23 अगस्त 2023 के बीच मैदान पर उतरेगी।

जूनियर पुरुष टीम के कप्तान विष्णुकांत ने उड़ान भरने से पहले कहा, हम इस टूर को लेकर उत्साहित हैं। एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप से पहले अच्छी टीमों के खिलाफ खेलना हमें अनुभव प्रदान करेगा।

# पांड्या ने पांचवें टी20 में हार की ज़िम्मेदारी ली

**लॉडरहिल।** भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने वेस्ट इंडीज के विरुद्ध निर्णायक टी20 में 18 गेंद पर 14 रन की पारी खेलने के बाद हार की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ली है।



हार्दिक जब रविवार को बल्लेबाज़ी करने उतरे तब भारत 10.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 87 रन बना चुका था। विंडीज ने हालांकि इसके बाद रनगति पर शिकंजा कसा और अगले पांच ओवर में मात्र 36 रन दिये। पांड्या ने अपनी पारी की 17वीं पारी पर छक्का जड़ा लेकिन रफ्तार पकड़ने की कोशिश में वह 18वीं गेंद पर आउट हो गये।

पांड्या ने मैच के बाद कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने आया तो 10वें ओवर के बाद मैच हमारे हाथ से निकलता रहा। मुझे लगता है कि मैं परिस्थिति का फायदा नहीं उठा सका और पारी को खत्म नहीं कर सका। मेरा मानना है कि अन्य खिलाड़ी बहुत अच्छा खेले। जब मैं मैदान पर गया तो उस तरह नहीं खेल सका जिस तरह खेलना चाहिये था।

हार्दिक की असफलता के बाद भारत उभर नहीं सका और सूर्यकुमार यादव (61) के अर्द्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 165 रन ही बना सका। वेस्ट इंडीज ने यह लक्ष्य दो विकेट गंवाकर 18 ओवर में हासिल कर लिया।

जब हार्दिक से गेंदबाजी में उनके निर्णयों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं एक मौके पर जो महसूस करता हूं, उसी के हिसाब से गेंदबाजी पर निर्णय लेता हूं। मैं इसकी कोई योजना नहीं बनाता। मैं स्थिति देखता हूं और अगर मुझे कोई बेहतर विकल्प लगता है तो मैं उसे चुनता हूं।

भारत इससे पहले कभी भी पांच टी20 मैचों की श्रृंखला नहीं हारा था, हालांकि यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा और मुकेश कुमार जैसे नये चेहरों से सजी टीम ने 2-0 से पिछड़ने के बाद सीरीज में सराहनीय वापसी की।

हार्दिक ने कहा, यह बहुत अच्छा है कि वे (युवा खिलाड़ी) हिम्मत दिखा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह बहुत ज़रूरी है। जो भी युवा आगे आ रहा है उसे अपने ऊपर विश्वास है। वे जिस तरह इस सीरीज में आये और खुलकर प्रदर्शन किया, ज़िम्मेदारी ली, उसके लिये उनको बधाई। बतौर कप्तान में इससे ज़्यादा खुश नहीं हो सकता कि सभी युवा खिलाड़ी आगे आकर ज़िम्मेदारी ले रहे हैं।

भारत को हालांकि अगले साल वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी करनी है। विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में युवा खिलाड़ियों के लिये यह सफर मुश्किल होगा, इसलिये कप्तान पांड्या एक-दो सीरीज़ की हार को लेकर ज़्यादा चिंतित नहीं हैं।

# रूस बना रहा नई परमाणु पनडुब्बियां

### इनमें जिरकॉन हाइपरसोनिक मिसाइल लगाएगा; यूक्रेन जंग के बीच प्रोजेक्ट शुरू



मॉस्को। यूक्रेन जंग के बीच रूस नई न्यूक्लियर सबमरीन्स बनाने जा रहा है। इन न्यूक्लियर सबमरीन्स को हाइपरसोनिक मिसाइल जिरकॉन से लैस किया जाएगा। इस बात की जानकारी रूस की सबसे बड़ी शिपबिल्डर कंपनी के हैड ने एक इंटरव्यू में दी है। ये इंटरव्यू सोमवार को रूस की स्टेट एजेंसी RIA में छपा है। यूनाइटेड शिपबिलडिंग कॉर्पोरेशन के CEO एलेक्सेई राखमानोव ने बताया कि प्रोजेक्ट यासेन-एम के तहत बनने वाली मल्टी-पर्पज न्यूक्लीयर सबमरीन को जिरकॉन मिसाइल सिस्टम से लैस बनाया जाएगा। इसके लिए काम भी शुरू हो गया है।

यासेन क्लास सबमरीन, न्यूक्लिर पावर्ड क्रूज मिसाइल सबमरीन है जिन्हें प्रोजेक्ट 885 एम के नाम से जाना जाता है। इस प्रोजेक्ट का मकसद सोवियत काल की न्यूक्लियर अटैक सबमरीन की जगह, आधुनिक सबमरीन को फ्लीट में शामिल करना है। रूस की मल्टी-पर्पज फ्रिगेट, एडमिरल गोर्सकोव ने इस साल की शुरुआत में जिरकॉन मिसाइल का अटलांटिक महासागर में परीक्षण किया था। जिसे अब इस फ्रिगेट पर तैनात कर दिया गया है। इससे पहले राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन इस साल कह चुके हैं कि रूस अपनी न्यूक्लियर ताकत को बढ़ाने के लिए भारी मात्रा में जिरकॉन मिसाइल की सप्लाई करेगा।

### अमेरिका-जापान मिलकर बनाएंगे हाइपरसोनिक मिसाइल इंटरसेप्टर

चीन, नॉर्थ कोरिया और रूस की हाइपरसोनिक मिसाइलों से बचने के लिए अमेरिका और जापान मिलकर एक इटरंसेप्टर बनाएंगे। जापान के अखबार योमिउरी ने इसका दावा किया है। इंटरसेप्टर बनाने के समझौता की आधिकारिक घोषणा अगले हफ्ते हो सकती है, जब जापान के प्रधानमंत्री कैम्प डेविड समिट के लिए अमेरिका जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और जापान के बीच जनवरी में ये इंटरसेप्टर बनाने की सहमति बनी थी। इसके लिए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ह्व जेक सुलिवन की जापान के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के बीच मीटिंग हुई थी।

# चीन की चेतावनी के बावजूद अमेरिका पहुंचे ताइवान के उप-राष्ट्रपति

### अगर ताइवान सुरक्षित है तो पूरी दुनिया सुरक्षित है; ड्रैगन ने इन्हें ट्रबलमेकर कहा

ताइवान के उप राष्ट्रपति विलयम लाई अमेरिका के दौरे पर हैं। इस पर चीन ने खासी नाराजगी जताई है। चीन ने उन्हें ट्रबलमेकर यानी मुसीबतें पैदा करने वाला कहा है। वहीं ताइवान ने चीन की इन धमकियों पर पलटवार किया है। उप राष्ट्रपति लाई ने कहा है कि ताइवान किसी भी धमकी से डरेगा नहीं और न ही पीछे हटेगा। चीन हमेशा से ही ताइवान के नेताओं के अमेरिका जाने पर आपत्ति जताता रहा है।

फिलहाल उप राष्ट्रपति लाई के अमेरिका दौरे को अलगाववादी कदम बताया है। चीन की इस दौरे पर नाराजगी जताने और धमकी देने की एक वजह ये भी है कि विलियम लाई अगले साल ताइवान में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में सबसे प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। ऐसे में चीन नहीं चाहता है कि वो अमेरिका से करीबी बढ़ाएं।



लाई ने न्यूयॉर्क में अपने समर्थकों से बातचीत के दौरान कहा- अगर ताइवान सुरक्षित है तो पूरी दुनिया सुरक्षित है।

#### विलियम लाई को नापसंद करता है चीन

दरअसल, लाई पराग्वे की यात्रा पर जा रहे हैं। जहां वो राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। पराग्वे उन 12 देशों में से एक है जिसने ताइवान को देश की मान्यता दी है। वहां जाने के दौरान ही लाई अमेरिका में रुके। लाई लगातार खुद को ताइवान को आजादी दिलाने के लिए काम करने वाले नेता के तौर पर पेश करते हैं। ऐसे में चीन उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं करता है।

लाई के अमेरिका दौरे को ताइपे और वॉशिंगटन ने सामान्य बताते हुए चीन से ताइवान के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेने की मांग की है। इसके बावजूद ताइवान के अधिकारियों को लगता है कि चीन इसका बदला लेने के लिए मिलिट्री ड्रिल लॉन्च करेगा। पिछले साल 2022 में ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन अमेरिका गई थीं।

## अमेरिका में एक घर में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में शनिवार को एक घर में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। काउंटी के एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह लगभग 10 बजकर 23 मिनट (1423 जीएमटी) पर पश्चिमी पेंसिल्वेनिया के एलेघेनी काउंटी के प्लम में एक घर में विस्फोट होने की सूचना के बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। प्लम बरो पुलिस प्रमुख लैनी कॉनली ने रविवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विस्फोट से चार वयस्कों और एक किशोर की मौत हो गई। काउंटी आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने संवाददाताओं को बताया कि दो लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभावित क्षेत्र में गैस और विद्युत सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गईं।

## बंगलादेश में डेंगू के मामले 85 हजार के पार

ढाका। बंगलादेश में डेंगू के मामले 85 हजार से अधिक हो गये हैं और पिछले 24 घंटों के दौरान इसके संक्रमण से 11 लोगों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने सोमवार को यह जानकारी दी । देश में डेंगू से इस साल अब तक मरने वालों की कुल संख्या 398 हो गई है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे तक पिछले 24 घंटों में 2,905 मामलों की दैनिक वृद्धि के साथ डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 85,411 हो गई है। डीजीएचएस आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान, 2,991 और मरीजों को अस्पतालों और क्लीनिकों से छुट्टी दे दी गई, जिससे देश में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 75,280 हो गई है। इस साल हुई मौतों में अगस्त में 147, जुलाई में 204 और जून में 34 मौतें शामिल हैं। डीजीएचएस के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले महीने 43,854 लोगों के डेंगू से संक्रमित होने के बाद अगस्त में पहले 13 दिनों के दौरान डेंगू के 33,579 अधिक मामले दर्ज किए गए थे।

## ईरान ने शिराज में शिया धर्मस्थल पर हुए घातक हमले की जांच शुरू की

तेहरान। ईरान के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने दक्षिणी ईरानी शहर शिराज में एक प्रमुख शिया धर्मस्थल पर हुई घातक गोलीबारी की जांच के आदेश दिए हैं। ईरानी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट ने यह जानकारी दी। तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि मंत्री ने प्रांतीय गवर्नर मोहम्मद हादी इमानियेह को फोन किया और उनसे आग्रह किया कि वह हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को ढूंढने के लिए हरसंभव कदम उठाएं। फ़ार्स प्रांत के अधिकारियों से कहा गया कि वाहिदी ने जिसे आतंकवादी कृत्य बताया है, उसकी त्वरित जाँच करें और घायलों को सहायता प्रदान करें। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने आंतरिक मंत्री वाहिदी और गवर्नर इमानियेह को फोन कर शाह चेराघ मकबरे की सुरक्षा बढ़ाने और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने की मांग की। तस्नीम की रिपोर्ट के अनुसार वाहिदी ने हमले की जांच शुरू होने के तुरंत बाद राजनीतिक मामलों के उप आंतरिक मंत्री मोहम्मद-रज़ा घोलमरेज़ा को बर्खास्त कर दिया। हमले के दौरान एक संदिग्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दूसरा भाग गया और बाद में ईरानी सुरक्षा बलों ने उसे हिरासत में ले लिया। कतरी समाचार चैनल अल-जज़ीरा ने बताया कि दोनों व्यक्ति विदेशी थे। किसी भी समूह ने तुरंत हमले की जिम्मेदारी नहीं ली, लेकिन ईरान को अतीत में इस्लामिक स्टेट एक आतंकवादी संगठन के सुन्नी आतंकवादियों ने निशाना बनाया था।

## यूक्रेन में हवाई हमले की चेतावनी जारी

कीव। यूक्रेन के कई क्षेत्रों में रविवार देर रात हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। देश के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के हवाई हमले के आंकड़ों के अनुसार यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के ऑनलाइन मानचित्र में दिखाया गया है कि यूक्रेन के सुमी, मायकोलाइव, किरोवोह्रद, निप्रॉपेट्रोस, चर्कासी, खार्किव, ओडेसा और पोल्टावा के क्षेत्रों के साथ-साथ कीव नियंत्रित हिस्सों में भी हवाई हमले के सायरन बजते रहे। मंत्रालय के अनुसार आधी रात के तुरंत बाद, यूक्रेन के कीव क्षेत्र के साथ-साथ राजधानी शहर में भी हवाई हमले के सायरन बजने लगे। रात भर में चेर्निहाइव और विन्नित्सिया के क्षेत्रों के साथ-साथ ज़ापोरिज़िया क्षेत्र के यूक्रेन-नियंत्रित हिस्सों में भी हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओडेसा में रात भर धमाके सुने गए। सोमवार तड़के कीव-नियंत्रित ज़ापोरिज़िया के हिस्सों में भी विस्फोट की सूचना मिली थी। रूस द्वारा क्रीमियन ब्रिज पर आतंकवादी हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर से यूक्रेनी बुनियादी ढांचे के खिलाफ सटीक हमले किए गए हैं। यूक्रेनी पावर ग्रिड ऑपरेटर उक्रनेर्गो के प्रमुख ने फरवरी में कहा कि रूसी हमलों के कारण यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को सीधे नुकसान की राशि सैकड़ों मिलियन डॉलर हो सकती है, जिसमें अरबों का आर्थिक नुकसान हो सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादक: प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
मंगलवार 15 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

# हिमाचल में 24 घंटे में 52 की मौत

## शिमला में मंदिर से दिनभर में 11 बॉडी निकालीं, सोलन में एक ही फैमिली के 7 लोगों की जान गई





ह्यशिमला। हिमाचल प्रदेश में दो दिन से तेज बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में लैंडस्लाइड, बादल फटने और बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 52 लोगों की जान चली गई। मौसम विभाग ने राज्य में 16 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

शिमला के समरहिल इलाके में स्थित शिव बावड़ी मंदिर भारी बारिश की वजह से भूस्खलन की चपेट में आ गया। 15 से 20 लोग मलबे में दबे हुए हैं। रात 8 बजे तक यहां से 2 बच्चों समेत 11 शव निकाल लिए गए। बाकी की तलाश जारी है।

सुबह लगभग साढ़े 7 बजे हुए इस हादसे के बाद दिनभर बारिश के बीच बचाव कार्य चलता रहा। दिन ढ़लने के बाद तेज बारिश के बीच जनरेटर से लाइट का इंतजाम करके रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### बारिश से रेस्क्यू में दिक्कत

लगातार हो रही बारिश और पहाड़ी से गिर रहे पत्थरों की वजह से मंदिर में रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आती रही। मंदिर के ऊपर मलबे के साथ चार-पांच पेड़ भी आ गिरे। इसी से ज्यादा नुकसान हुआ। हादसे के तुरंत बाद SDRF, ITBP, पुलिस और स्थानीय लोग रेस्क्यू में जुट गए। लैंडस्लाइडिंग के लगभग पांच घंटे बाद रोड ठीक करके मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीन मौके पर लाई गई।

### सीएम ने शिमला-सोलन में घटनास्थल का दौरा किया

हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू भी शिमला में घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन मलबे को हटाने के लिए काम कर रहा है। फंसे लोगों को निकाला जा रहा है। उधर, ष्टरूके मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान ने कहा- 10 से 15 लोगों के फंसे होने की आशंका है।

मुख्यमंत्री ने जिला सोलन की ग्राम पंचायत ममलीग में भूस्खलन से प्रभावित जड़ोन गांव का दौरा भी किया। यहां बादल फटने से एक ही परिवार के 7 सदस्यों की मृत्यु हुई है। मुख्यमंत्री त्रासदी देख भावुक हुए और कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### पहाड़ों की वर्टिकल कटिंग, ज्यादा बारिश से तबाही

हिमाचल प्रदेश के इंडस्ट्री डिपार्टमेंट के जियोलॉजिस्ट अतुल शर्मा ने बताया कि सड़कों के लिए पहाड़ों की वर्टिकल कटिंग की जा रही है। इससे ज्यादा तबाही हो रही है। चंडीगढ़-शिमला फोरलेन और चंडीगढ़-मनाली फोरलेन हाईवे के किनारे इसी कारण ज्यादा नुकसान हुआ है।

इस बार हैवी रेनफॉल से भी हालात ज्यादा बिगड़े हैं। हिमाचल में अप्रैल से ही लगातार बारिश हो रही है। इससे जमीन में नमी अधिक हो गई है। ऐसे में ताजा बारिश होते ही नुकसान हो रहा है। अतुल शर्मा ने बताया कि शिमला और सोलन के पहाड़ों में चिकनी मिट्टी ज्यादा है, जो अधिक बरसात होने पर फूल जाती है। यही तबाही का कारण बन रही है।

### शिमला के आईजीएमसी में अफरा-तफरी

शिमला में सोमवार सुबह लैंडस्लाइडिंग की वजह से हुए दो बड़े हादसों के बाद डेडबॉडी के साथ-साथ घायलों को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल लाया जा रहा है। इसकी वजह से सुबह से यहां अफरा-तफरी का माहौल रहा। शिव बावड़ी मंदिर से निकाले गए आठों लोगों के शव यहां पोस्टमार्टम के लिए लाई गई। मंदिर से सुरक्षित निकाले गए लोगों को भी इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

उधर, फागली में लैंडस्लाइडिंग के बाद मलबे से निकाले गए चारों घायलों को आईजीएमसीके इमरजेंसी वार्ड में पहुंचाया गया। यहां एक्सरे मशीन ठप पड़ जाने की वजह से घायलों को आईजीएमसीकी ही नई बिल्डिंग में ले जाना पड़ा। आईजीएमसी के डॉक्टर और स्टाफ घायलों के उपचार में जुटे हैं।

### स्वतंत्रता दिवस पर नहीं होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

सीएम सुखविंदर ने कहा कि प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह पर किसी तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दौरान केवल ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### टिहरी की टनल में फंसे 114 लोगों को निकाला गया

टिहरी के शिवपुरी के एक टनल में पानी भरने से इंजीनियर और मजदूर फंस गए थे। शिवपुरी स्थित एलएंडटी कंपनी के मैनेजर अजय प्रताप सिंह ने पुलिस को सूचना दी थी। टनल में करीब 4 फीट पानी भर गया था, जिससे 300 फीट अंदर लोग फंस गए थे। पोकलेन मशीन से मलबा हटाया गया और अंदर फंसे 114 लोग निकाल लिए गए।

# बिहार जातीय जनगणना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## सुनवाई 18 अगस्त तक टली



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बिहार में चल रहे जाति-आधारित जनगणना पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने बिहार सरकार के जाति-आधारित जनगणना पर रोक लगाने से इनकार करते हुए इसकी सुनवाई 18 अगस्त के लिए टाल दी।

पीठ ने पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'एक सोच एक प्रयास' द्वारा दायर अपील पर यह आदेश पारित किया।

अपने आदेश में पीठ ने 18 अगस्त को शीर्ष अदालत में दायर इसी तरह की अन्य याचिकाओं के साथ इसे फिर से सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की पीठ ने जनगणना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

बिहार सरकार के आदेश पर चल रहे जाति सर्वेक्षण को बरकरार रखने वाले पटना उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई याचिकाएँ दायर की गई थीं।

शीर्ष अदालत ने सोमवार 14 अगस्त को उन सभी याचिकाओं को आने वाले शुक्रवार 18 अगस्त को एक साथ सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया और सुनवाई स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति खन्ना ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के अनुरोध को खारिज करते हुए कोई अंतरिम राहत देने से भी इनकार कर दिया।

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, यह दूसरे पक्ष को सुने या बिना सोचे-समझे अप्रत्यक्ष रोक होगी, मैं ऐसा नहीं चाहता। 18 अगस्त को हम आपकी दलील सुनेंगे।

एक अगस्त को उच्च न्यायालय ने इस जनगणना को 'पूरी तरह से वैध' करार देते हुए बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे जाति आधारित जनगणना को बरकरार रखा था।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत में दायर अपनी अपील में अनुरोध किया है कि पटना उच्च न्यायालय के फैसले पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए।

बिहार सरकार ने इस मामले में अपील दायर होने की संभावना के मद्देनजर पहले ही शीर्ष अदालत में एक कैविएट याचिका दायर कर दी थी।

# शार्ट न्यूज

## बलरामपुर जनपद के सभी कार्यालयों विभाजन की त्रासदी में अपनी जान गवाने वाले शहीदों का किया गया स्मरण

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर जनपद के सभी कार्यालय में मौन धारण करके विभाजन की त्रासदी में प्राण गवाने वाले अमर शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में अधिकारी, कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए विभाजन की त्रासदी में अपने प्राण गवाने वाले अमर शहीदों को याद किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। विभजन की विभीषिका को याद करने एवं इस पीड़ादायी त्रासदी के बारे में युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया जा रहा है। विभाजन की त्रासदी में प्राण गवाने वाले शहीदों की याद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन के जरिए भेदभाव, वैमनस्य, दूर्भावना को खत्म कर एकता, सामाजिक सद्भाव व मानव सशक्तिकरण की भावना को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईजीएनसीए ने विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर मौन मार्च निकाला

नयी दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र न्यास (आईजीएनसीए) की ओर से सोमवार को यहां 'विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस' पर आयोजित कार्यक्रमों का समापन 'मौन मार्च' निकालकर किया गया। इस मार्च में केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, संस्कृति व संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे और आईजीएनसीए के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। इसके पूर्व, आज सुबह आईजीएनसीए ने पार्टीशन म्यूजियम के साथ मिलकर नयी दिल्ली के अम्बेडकर विश्वविद्यालय के दारा शिकोह पुस्तकालय में 'विभाजन की स्मृति' कार्यक्रम का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2021 को लालकिले की प्राचीर से हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस' मनाने की घोषणा की थी, ताकि विभाजन पीड़ितों के दुख को, आहुति को देश की नई पीढ़ी समझ और महसूस कर सके। इसी कड़ी में आईजीएनसीए ने 14 अगस्त को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया।

## उत्तराखंड : पौड़ी के मोहनचट्टी में मलबे में दबा नाईट लाइफ पैराडाइज कैम्प

देहरादून। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में पुलिस के जिला नियंत्रण केंद्र (डीसीआर) के लिए सोमवार को एक स्थानीय कॉलर द्वारा सूचित किया गया कि ग्राम जोगियाना, मोहनचट्टी में अतिवृष्टि से भूस्खलन होने पर नाईट लाइफ पैराडाइज कैम्प उसकी चपेट में आ गया है। कैम्प से चीख-पुकार की आवाजें आ रही है, जहाँ शायद कुछ लोग दब गए है। इस सूचना पर डीसीआर द्वारा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कंट्रोल रूम को भी सूचित किया गया। एसडीआरएफ प्रवक्ता ललिता दास नेगी नेगी ने आज रात बताया कि सूचना पर स्थानीय पुलिस बल के साथ ही एसडीआरएफ टीम भी रेस्क्यू हेतु घटनास्थल के लिए रवाना हुई। रेस्क्यू टीमों को मूसलाधार वर्षा व जगह-जगह मलबे से मार्ग बाधित होने के कारण घटनास्थल तक पहुचने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने घटनास्थल पर स्थानीय लोगों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, बताया कि उक्त कैम्प में लगभग छः लोग रुके हुए थे, जिनमे से एक 10 वर्षीय बालिका को बचा लिया गया है जबकि एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के 35 पुलिसकर्मियों को पदक प्रदान करने की घोषणा

रायपुर। राष्ट्रपति द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के 35 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 24 पुलिस कर्मियों को पुलिस वीरता पदक, एक को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा 10 को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक देने की गोषणा की गई है। पुलिस वीरता पदक लक्ष्मण केंवट निरीक्षक, मोहित गर्ग, भापुसे, सेनानी, 19वीं वाहिनी, छसबल, जगदलपुर, पिल्लू राम मण्डावी, उप निरीक्षक, जोगीराम पोडियाम, सउनि, हिडमा पोडियाम, प्र.आरक्षक, ,प्रमोद काडियाम, प्र.आरक्षक, बलराम कश्यप, प्र.आरक्षक, बीज्जूराम मज्जी, आरक्षक, स्व.बुधराम हपका, आरक्षक, लक्ष्मीनारायण मरपल्ली, आरक्षक, मगलू, कुडियाम, आरक्षक, शेरबहादुर सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, छत्रपाल साहू, आरक्षक, सुरेश जब्बा, सउनि, सुशील जेट्टी, प्र.आरक्षक, धरमईया, प्र.आरक्षक, मगलू, कोवासी, आरक्षक, मुकेश कलमू, प्र.आरक्षक, लछीन्दर कुरूद, प्र.आरक्षक, लीलाम्बर भोई, आरक्षक, अजय बघेल, आरक्षक को प्रदान किया जायेगा।

## उज्जैन में निकली भगवान महाकाल की सवारी

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन में आज श्रावण सोमवार को भगवान महाकालेश्वर की सवारी भव्य रुप से निकली, सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रमख भगवान महाकाल की सवारी, श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार के लिउ भव्य रुप से निकलती है। कहा जाता है कि भगवान महाकाल वह अपनी प्रजा की हाल जानने के लिए निकलते है। इस वर्ष अधिक मास होने के कारण भगवान महाकालेश्वर की 10 सवारी निकलेगी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज भगवान महाकालेश्वर की मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और वह सवारी में शामिल हुए। आज निकली भगवान महाकालेश्वर की सवारी में पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव और नन्दी रथ पर उमा-महेश, डोल रथ पर श्री घटाटोप रुप में विराजित थे। सवारी निकलने के पहले मंदिर के प्रांगण में विधिवत पूजन-अर्चना की गई। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा भगवान को सलामी दी गई।

## भगवान ने रणदीप सुरजेवाला की मति हर ली है

चरखी दादरी। हरियाणा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पर तंज कसते हुये कहा है कि भगवान उनके कर्मों को देखते हुये उनकी मति(बुद्धि) हर ली है। धनखड़ ने बाढ़ड़ा विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सोमवार को सम्बोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि श्री सुरजेवाला के बयान से लगता है कि भगवान ने उनके कर्मों को देखते हुए उनकी मति हर ली है। रामायण की चौपाई में भी कहा गया है 'जाको प्रभू दारूण दुख देहि ताकि मति पहले हर लेही'। यही हाल श्री सुरजेवाला का हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन ईश्वर का विराट रूप है। ईश्वर रूपी मतदाता को राक्षस प्रवृत्ति का कहना घोर देश और हरियाणा की जनता का घोर अपमानजनक है। उल्लेखनीय है कि श्री सुरजेवाला ने कैथल में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुये भाजपा को वोट करने वालों को कथित तौर पर राक्षस बताया था। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने श्री सुरजेवाला के इस बयान को गम्भीरता से लिया है और कहा कि ऐसी भाषा के बारे में तो कोई राक्षस प्रवृत्ति वाले परिवार में जन्मा ही सोच सकता है।

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन व्यापार, आर्थिक माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मनोज सिन्हा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश में व्यापार, निवेश और आर्थिक माहौल बनाने की प्रतिबद्धता दोहरायी। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में 'गोल्डन ग्लोरी इको पार्क' का उद्घाटन करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में व्यापार, निवेश और आर्थिक माहौल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक राजमार्गों, ग्रामीण सड़कों और ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्योगों ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी दर्ज की है। उपराज्यपाल ने प्रगतिशील और समृद्ध समाज का निर्माण करने में जम्मू-कश्मीर के प्रमुख हस्तियों के योगदान को याद किया। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में शांति कायम रखने और आर्थिक एवं विकास गतिविधियों में तेजी लाने के लिए प्रशासन की कोशिशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अवसंरचना में पर्याप्त निवेश के लिए उठाए गए निर्णायक कदम पर्यटन का पुनर्निर्माण कर रहे हैं और गांदरबल का सामाजिक-आर्थिक विकास करने में पर्यटन की अपार क्षमता है। उन्होंने कहा कि आज उद्घाटन किया गया इको पार्क जिले में पर्यटकों के लिए एक आकर्षण केंद्र होगा। सोनमर्ग में उपराज्यपाल ने लोगों को पंच प्राण की शपथ दिलाई और भारत तथा जम्मू-कश्मीर को शांति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी युवा पीढ़ी के उत्साह, साहस और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। वह 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम में भी शामिल हुए और मातृभूमि के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराज्यपाल ने श्री अमरनाथ यात्रा का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए गांदरबल के लोगों के सहयोग और समर्थन की भी सराहना की।

# भारत विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर आयोजित हुई प्रदर्शनी

## मजहब से परे रहकर हमेशा एकजुट रहना ही जरूरी : रूबी प्रसाद

सोनभद्र । भारत विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर निकाली गयी मौन यात्रा और इस त्रासद घटना पर व्यक्त किया गया शोक भारतीय इतिहास के काले अध्यायों का संस्मरण करते। भारत विभाजन की त्रासदी है, जिसने भारत के दो टुकड़े कर भारत , भारती , भारतीयता को गहरा सँघात पहुंचाया, जिसने सदियों से कायम सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक एकजुटता को पल भर में खण्डित कर दिया। इस भारत विभाजन की त्रासद स्मृति के बारे में भविष्य के नौजवान पीढ़ियों को बताने और उसके दुष्परिणाम को संज्ञानित करने के लिए शासन द्वारा भारत विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस का आयोजन देश के विभिन्न भागों में किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद सोनभद्र के दण्डईत बाबा मंदिर से रेलवे स्टेशन सोनभद्र तक मौन पद यात्रा निकाली गयी और विभाजन की त्रासदी के दुष्परिणामों की स्मृतियों को भविष्य की पीढ़ियों,




आम नागरिकों को परिचित कराने के लिए रेलवे स्टेशन सोनभद्र में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । देश के विभाजन के परिणामस्वरूप नागरिकों ने किन-किन यातनाओं को सहा, इसका सम्पूर्ण चित्रण इसमें किया गया था।

इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद व जनप्रतिनिधिगण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विजय यादव व नागरिकों ने लगायी गयी प्रदर्शनी का पूरी शिद्दत से अवलोकन किया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने विभाजन के दौरान जो दुख और पीड़ा हुई उनको अपनी शब्दों में अभिव्यक्त किया और बाकायदा शब्दों के जरिए घात , आघात , संघात, प्रतिघात के भारतवासियों के वीभत्स व दुखद और पीड़ाप्रदाई क्षणों को उकेरा । विभाजन की त्रासदियों के दुष्परिणामों से उपस्थित भावी पीढ़ियों को अवगत कराया और कहा कि हमें अग्रेजों ने धर्म के आधार पर एक दूसरे से पृथक कर दिया था, उसी की परिणति देश के विभाजन का ज्वलंत नमूना है। अपने उद्गार में अन्य बानगी भी पेश की इस परिप्रेक्ष्य में और कहा कि हमें इससब परिघटनाओं से सीख लेनी चाहिए कि आपसी फूट और वैमनस्य सदैव विघटनकारी होता है और अब हमें उस चक्रजाल से से सीख लेकर एकजुट रहना है।

नगरपालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के उद्बोधन यहीं नहीं थमे , उन दर्दों को एकात्म स्वरों में पिरोते हुआ कहा कि बीता हुआ समय हमें यह सबक व नसीहत देता है कि आने वाले समय में हम उन गलतियों को न करें, जो हमने पूर्व में किया है। हम सबको जाति, मजहब जैसे चीजों से परे रहकर हमेशा एकजुट रहना है, जिससे सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। कहा कि हमारा देश विविधताओं से संपूरित है, अनेकता में एकता अखण्ड राष्ट्र की आधारशिला है। हम एक हैं और इसका अहसास हमें सदैव रहना चाहिए, तभी इस महान राष्ट्र की अखण्डता अक्षुण्ण बनाये रखेंगें।

# भारत शांति का पक्षधर, लेकिन दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है लेकिन यदि कोई दुश्मनी का भाव रखते हुए गलत नजरों से देखता है तो भारतीय सेना उसका मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

सिंह ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को आकाशवाणी के माध्यम से सशस्त्र सेनाओं के जवानों को संबोधित करते हुए कहा , एक राष्ट्र के रूप में हमारे प्राचीन सिद्धांत पूरी दुनिया को यह संदेश देते हैं, कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है। हम न सिर्फ शांति चाहते हैं, बल्कि अपने कार्यों से शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर करते हैं। लेकिन साथ ही साथ हम इस बारे में भी बिल्कुल स्पष्ट हैं, कि यदि कोई गलत मंशा से, या दुश्मनी का भाव लिए हमारी ओर देखने की भी जुर्रत करता है, तो हमारी सेनाएँ उसका मुंहतोड़ जवाब देंगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

सशस्त्र सेनाओं को नई चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक सशक्त, और क्षमतावान बनाने की जरूरत है



इसलिए सरकार शुरू से ही सेनाओं को विश्वस्तरीय उपकरणों, हथियारों तथा प्रशिक्षण से लैस करने में लगी है। इससे युद्ध में होने वाले नुकसानों को कम करने में तो मदद मिलती ही है, साथ ही इनसे सैनिकों का मनोबल भी बहुत ऊँचा होता है।

सिंह ने सशस्त्र सेनाओं और उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि देश निश्चिंत होकर यह उत्सव इसलिए मना पा रहा है, क्योंकि देश जानता है, कि सीमाओं पर खड़े जवान देश की सुरक्षा कर रहे हैं। इस स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जो सर्वोच्च बलिदान सैनिकों ने दिया है, उसके लिए राष्ट्र सदैव आपका ऋृणी रहेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अब सशस्त्र सेनाओं का प्रशिक्षण सिमुलेटर और अन्य आधुनिक तकनीकों से हो रहा है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों में भागीदारी के साथ, ट्रेनिंग में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, इसके अतिरिक्त सरकार ने आपके और आपके परिजनों की शिक्षा, स्वास्थ्य, और उनके आवास के संदर्भ में भी पिछले कुछ वर्षों में अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। न केवल सेवा के दौरान ही, बल्कि सेवा के बाद भी हमारे सैनिकों का गरिमामय जीवन सुनिश्चित हो सके, इस पर भी हमारी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। जो लोग अपना सर्वस्व दाँव पर लगाकर हमारी परवाह करते हैं; उनकी, और उनके परिजनों की परवाह करना हमारा सबसे बड़ा धर्म है, और इसका निर्वहन सरकार भलीभाँति कर रही है।

सेनाओं में महिलाओं की बढती भागीदारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आगे की कुछ बातें मैं अपनी सैनिक बहनों को एड्रेस करते हुए कहना चाहूँगा। साथियों, कारगिल में जब फ्लाइट लेफ्टिनेंट गुंजन सक्सेना और फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रीविद्या राजन दुश्मनों के खिलाफ अद्भुत साहस का परिचय दे रही थीं, तो उनके शौर्य ने यह संदेश दिया, कि जब बात देश की सीमाओं की सुरक्षा की आती है, तो इस देश की बेटियाँ भी किसी से कम नहीं हैं।

## अगले शैक्षणिक वर्ष से एनईपी खत्म हो जाएगा : सिद्दारमैया

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म कर दिया जाएगा। सिद्दारमैया ने एक बैठक में कहा, पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई एनईपी को अगले शैक्षणिक वर्ष में खत्म कर दिया जाएगा। एनईपी को समाप्त करने और एक नई नीति तैयार करने में समय लगता है जो इस वर्ष हमारे पास नहीं है। चुनाव जीतने के बाद जब हमारी सरकार बनी तब तक वर्तमान शैक्षणिक वर्ष शुरू हो चुका था इसलिए हमने इस शैक्षणिक वर्ष में एनईपी को जारी रखने का फैसला किया जिससे कोई असुविधा न हो। एनईपी का विरोध छात्र, अभिभावक, व्याख्याता और शिक्षक एक साथ कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में एनईपी लागू कर छात्रों के हितों से खिलवाड़ किया है। भाजपा शासनकाल के दौरान कर्नाटक अगस्त 2021 में उच्च शिक्षा में एनईपी को अपनाने वाला देश का पहला राज्य बना था। कांग्रेस ने हालांकि, इसे नागपुर शिक्षा नीति बताते हुए एनईपी की आलोचना की थी और इसे आरएसएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा की योजना कहा था।

## बंगाल के समुद्री क्षेत्र को 1,000 अरब का निवेश मिलेगा

कोलकाता। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल समुद्री क्षेत्र को 1,000 अरब रुपये का निवेश प्राप्त होने वाला है, जो निकट भविष्य में राज्य को समुद्री केंद्र बना देगा।

आगामी वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन, 2023 (जीएमआईएस) के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपीके) द्वारा आयोजित एक रोड शो में शामिल होते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने में निजी क्षेत्र एक आवश्यक भागीदार है और सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) से नए बंदरगाहों के विकास और मौजूदा बंदरगाहों का क्षमता निर्माण करने में बहुत योगदान प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा, पीपीपी टर्मिनल, जो वर्तमान में प्रमुख बंदरगाहों पर लगभग 50 प्रतिशत कार्गो संभाल रहे हैं, आने वाले दशकों में अपनी हिस्सेदारी को शतप्रतिशत बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल समुद्री क्षेत्र में 1,000 अरब रुपये का निवेश प्राप्त करने के लिए तैयार है और यह राज्य को निकट भविष्य में एक समुद्री केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरुप, हमारा मंत्रालय तीसरे ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट, 2023 (जीएमआईएस) का आयोजन 17 से 19 अक्टूबर तक भारत मंडपम में करने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है, जो मात्रा के हिसाब से एक्जिम कार्गो का 90 फीसदी से ज्यादा और मूल्य के हिसाब से लगभग 70 प्रतिशत का योगदान देता है। इस रोड शो में शहर में भारतीय उद्योग जगत के प्रमुख लोगों के साथ-साथ शीर्ष अधिकारियों, तकनीकी जानकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया जिससे नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी शिखर सम्मेलन में वैश्विक निवेशकों के साथ 'संपर्क, सहयोग और निर्माण' के लिए सार्थक रूप से उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके।

केंद्रीय मंत्री के साथ, इस रोड शो में भूषण कुमार, एमओपीएसडब्ल्यू में संयुक्त सचिव (एसएम); रथेंद्र रमन, अध्यक्ष, एसएमपीके; ए.के. मेहरा, डिप्टी चेयरमैन, एचडीसी; सम्राट राही, उपाध्यक्ष, एसएमपी कोलकाता; सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत के प्रमुख, हितधारक, व्यापार निकाय, वाणिज्य मंडल आदि के लोग शामिल हुए।